

लोकसभा चुनाव में जहां कंगना रनौत चुनाव प्रचार जोरों-शोरों से कर रही है नहीं अब इस मैदान में विक्रमादित्य सिंह भी उतर आए है। मंडी से कांग्रेस की तरफ से विक्रमादित्य सिंह चुनाव लड़ेंगे।


# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:28 अंक: 338 दिनांक:14-04-2024 रविवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M




## ईरान ने मालवाहक जहाज MSC एरीज को किया जब्त, 17 भारतीय नागरिक भी सवार, रिहाई के लिए सरकार ने साधा संपर्क

नई दिल्ली (ईएमएस)। ईरान की सेना द्वारा जब्त किये गए इजराइल से संबद्ध एक मालवाहक जहाज पर 17 भारतीय नागरिक सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की पृष्ठभूमि में यह घटनाक्रम हुआ है। सूत्रों ने बताया कि भारत अपने नागरिकों की सलामती और उन्हें शीघ्र मुक्त कराना सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक माध्यमों से तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान की सेना द्वारा जब्त किये गए इजराइल से संबद्ध एक मालवाहक जहाज पर 17 भारतीय नागरिक सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की पृष्ठभूमि में यह घटनाक्रम हुआ है ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजर इली क्षेत्र पर हमला कर सकता है।

सूत्रों ने कहा, ''हम जानते हैं कि मालवाहक जहाज 'एमएससी एरीज' को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया है। हमें पता चला है कि जहाज पर 17 भारतीय नागरिक सवार हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, कुशलता और उन्हें शीघ्र मुक्त कराना सुनिश्चित करने के लिए तेहरान और दिल्ली, दोनों जगहों पर राजनयिक माध्यमों से ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं।'' मीडिया में आई खबरों के अनुसार, ईरान के अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने शनिवार सुबह जहाज को उस समय जब्त कर लिया, जब यह हॉरमुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था।

ईरान की नौसेना ने ये कार्रवाई तब की है जब 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इस्त्राइल की ओर से हमला किया गया था। 1 अप्रैल को युद्धक विमानों से सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमला किया गया था। हमले में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अल-कुद्स बल के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। ये सभी दमिश्क दूतावास परिसर में एक बैठक में भाग ले रहे थे। हमले का आरोप इस्त्राइल पर लगाया गया, जिसने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली। इस हमले के बाद से ही ईरान बौखलाया हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इसकी कड़ी आलोचना की थी और इसे ईरानी धरती पर हुए हमले के बराबर बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि इस्त्राइल को उसके ऑपरेशन के लिए दंडित किया जाना चाहिए और किया भी जाएगा।

इसके अलावा, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने भी ईरान द्वारा इस्त्राइल के भीतर हमले की चेतावनी दी है। खुफिया एजेंसियों ने यह भी कहा है कि इस्त्राइल के अंदर सैन्य और सरकार से जुड़े कई ठिकानों को ईरान अपना निशाना बना सकता है। अमेरिकी खुफिया आंकलन के हवाले से आई ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट कहती है कि ईरान इस्त्राइल के अंदर बैलिस्टिक मिसाइलों या ड्रोन का इस्तेमाल करके हमले शुरू कर सकता है। हालांकि, रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान सीधे कार्रवाई करेगा या अपने प्रॉक्सी नेटवर्क का इस्तेमाल करेगा।

## केजरीवाल की याचिका पर 15 को सुनवाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है। बताया गया है कि जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने ईडी की गिरफ्तारी व रिमांड के खिलाफ अपील की है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में कहा, गिरफ्तारी अविश्वसनीय दस्तावेज पर आधारित है और हमसे छिपाई गई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, ईमेल भेजें, मैं इस मामले को देखेंगे।

## ईरान ने हमला किया तो अमेरिका और इजरायल मिलकर बोल देंगे धावा

वाशिंगटन(ईएमएस)। एक अप्रैल को दमिश्क में सीरियाई वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद से ईरान लगातार इजरायल के खिलाफ जहर उगल रहा है। इस हमले में ईरान की एलीट फोर्स इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर (आईजीआरसी) के वरिष्ठ कमांडर जनरल मोहम्मद रेजा जहेदी और उनके डिप्टी समेत 7 अधिकारी मारे गए थे।

जहेदी सीरिया में ईरान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, जिसमें तेहरान समर्थित चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला के लड़ाकों और सीरिया की असद सरकार के बीच संपर्क स्थापित करना प्रमुख था। हमले के बाद भड़के ईरान ने इजरायल से बदला लेने की कसम खाई है।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई समेत प्रमुख नेता और सैन्य कमांडर बार-बार इजरायल को अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। इस बीच एक रिपोर्ट में आए दावे ने क्षेत्र में जंग के खतरे को और बढ़ा दिया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तेहरान अगर इजरायल पर हमला करता है तो इसके जवाब में इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान पर हमला कर सकते हैं।

अल जजीरा अरबी ने एक अनाम अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा है कि अगर ईरान या इसके प्रॉक्सी हमला करते हैं तो इजरायल के साथ मिलकर हमला करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ताजा रिपोर्ट अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस बयान के बाद आई है जो उन्होंने गुरुवार को दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अगर तेहरान कोई कदम उठाता है तो हम इजरायल के लिए रक्षा कवच बनेंगे। हम इजरायल की रक्षा के सब कुछ करेंगे। जहेदी की मौत पर ईरान ने तीखी प्रतिक्रिया दी और इजरायल पर हमले का आरोप लगाया। ईरान ने कहा कि इसका ऐसा जवाब मिलेगा कि इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू हमले के लिए हमेशा पछताएंगे। बुधवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने एक संबोधन में कहा था कि वाणिज्य दूतावास पर हमला हमारी जमीन पर हमला था। इस हमले को जिन शैतानी ताकतों ने अंजाम दिया उन्हें सजा मिलनी चाहिए और जरूरी मिलेगी।

## कांग्रेस ने मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से दिया टिकट, पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल का टिकट कटा

चंडीगढ़ 13

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने शनिवार को एक ओर उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस बार पार्टी ने 16 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। इसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उनके नाम पर अंतिम मुहर लगी है। इससे पहले 2019 लोकसभा चुनाव में इस सीट पर पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया था। जो भाजपा उम्मीदवार किरण खेर से 46 हजार 970 वोट से हार गए थे।

मनीष तिवारी की सीट बदल दी है। वह फिलहाल श्रीआनंदपुर साहिब से सांसद हैं, लेकिन इस बार वह चंडीगढ़ से लड़ेंगे। पूर्व में वह लुधियाना से भी सासंद रह चुके हैं। इस बार तिवारी यहां से भाजपा के संजय टंडन को टक्कर देंगे। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने शनिवार को एक ओर उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस बार पार्टी ने 16 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया।

मनीष तिवारी ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से बीए की डिग्री प्राप्त की और उसके बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय से अपनी कानून की पढ़ाई पूरी की। पंजाब विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान उन्होंने तैराकी और वाटर पोलो की टीमों का नेतृत्व भी किया। वह 1988 से 1993 तक एनएसयूआई और 1998 से 2000 तक भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। तिवारी का जन्म 1965 में लुधियाना में हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय वीएन तिवारी पंजाबी लेखक व पंजाब युनिवर्सिटी के प्रोफेसर और माता पीजीआई में डीन रहीं।

मनीष तिवारी इससे पहले वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी चंडीगढ़ की सीट पर अपनी दावेदारी पेश करते रहे हैं। इस दौरान वह यहां विभिन्न कार्यक्रमों व बैठकें में शामिल हुए। इस बार पिछले कुछ समय उन्होंने शहर में अधिक गतिविधियां बढ़ा दी थीं। यहां तक कि उन्होंने सांसद निधि कोष शहर में कई पार्क भी काम करवाएं। इसमें पार्कों में ओपन एयर जिम और बैंच लगाने समेत अन्य काम शामिल थे।

## भारत में बांग्लादेश को दी 56 एकड़ जमीन बदले में मिली 14 एकड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच 50 साल बाद जमीन की अदला-बदली को लेकर एक समझौता हुआ है। भारत ने बांग्लादेश के सीमावर्ती ठाकुर गांव के रानी संकोई की 56। 86 एकड़ जमीन बांग्लादेश को सौंप दी है। बदले में बांग्लादेश की 14.68 एकड़ जमीन भारत को हासिल हुई है।

भारत सरकार की ओर से (बीएसएफ) सीमा सुरक्षा बल और बांग्लादेश की ओर से बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच फ्लेग मीटिंग में जमीनों की अदला बदली हुई है। यह मामला पिछले 50 वर्षों से लंबित था।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांग्लादेश के अन्य आठ जिलों में भूमि के बंटवारे को लेकर सर्वे प्रस्तावित किया गया है। यह सर्वे इस साल के अंत तक पूरा होने की संभावना जताई है।

## चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा -जिनके पास संसाधन, वे न्याय का दुरुपयोग कर रहे

लोगों के बीच गैप बना सकती है, लेकिन मौके भी देगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट और सिंगापुर के टॉप कोर्ट की दो दिन (13 और 14 अप्रैल) की कॉन्फ्रेंस चल रही है। इसमें शनिवार को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम रोज देखते हैं कि जिनके पास संसाधन हैं, वे न्याय का दुरुपयोग कर रहे हैं। एक जज होने के नाते यह हमारा सबसे बड़ा चैलेंज है। मुझे लगता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लोगों के बीच में एक गैप बना सकता है, लेकिन यह कुछ लोगों को नए मौके भी देगा। इस कॉन्फ्रेंस का मकसद लीगल सिस्टम में टेक्नोलॉजी और कानूनी प्रणाली के बीच की कनेक्टिविटी को समझना है। साथ ही कॉन्फ्रेंस का फोकस भविष्य में एआई के रोल पर भी होगा।

सीजेआई ने कहा कि एआई ने लीगल रिसर्च को रीशेप करने में मदद की है। चैट जीपीटी के लॉन्च के साथ यह बात भी सामने आई है कि किसी निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए एआई पर भरोसा करना चाहिए या नहीं। एआई को लेकर लोगों के बीच में बहुत एक्ससाइटमेंट है, लेकिन हमें इसमें होने वाली गलतियों को लेकर भी चिंता है। मजबूत ऑडिटिंग सिस्टम के बिना एआई टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी एआई के गलत इस्तेमाल का हाई रिस्क वाला उदाहरण है। इस बात की पूरी संभावना है कि एआई को अपनाने से डबल लेवल सिस्टम डेवलप हो सकता है। सीजेआई ने कहा कि अपने इकोसिस्टम प्रोजेक्ट में हम सभी को एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस की ओर बढ़ा रहे हैं। इससे हम अपने डेटा को स्टार्टअप्स को देंगे, जो लीगल सिस्टम को और बेहतर बनाने में हमारी मदद कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट आज हाइब्रिड मोड का इस्तेमाल कर रही है। इससे यह पता चलता है कि भारत के ज्यूडिशियरी में कितना बदलाव देखने को मिला है, ताकि हम जल्द से जल्द सबसे कनेक्ट कर सकें।

## पुलिस अधिकारी पर हमला, धमकी के मामले में चार माओवादियों को कठोर कारावास

एर्नाकुलम,(ईएमएस)। केरल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी पर हमला करने, धमकी और आगजनी के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने चार माओवादियों को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 2.35 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

एक आधिकारिक के बयान के अनुसार केरल के एर्नाकुलम में एनआईए की विशेष अदालत ने केरल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी पर हमला करने, धमकी और आगजनी से संबंधित मामले में दोषी रूपेश को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 2.35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एक अन्य दोषी कन्याकुमारी को छह साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई और 1.05 लाख रुपये के जुर्माना लगाया गया। एक अन्य आरोपी अनूप को आठ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई और 60,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने दोषी इब्राहिम को छह साल कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 40,000 रुपये का जुर्माना लगाया। मामला मूल रूप से वेल्लामुंडा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। बाद में दो जनवरी 2016 को एनआईए ने फिर से मामला दर्ज किया था उसके बाद विशेष अदालत ने सुनवाई पूरी कर चारों माओवादियों को सश्रम कारावास की सजा और जुमार्ना लगाया है।

## इतिहास से सबक नहीं लिया तो बार-बार गलतियां करते रहेंगे

पुणे,(ईएमएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में चीन से सटी सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भारत का बजट काफी बढ़ गया है। नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो चीन से सटी सीमा का बजट 3,500 करोड़ रुपये था, लेकिन आज यह 14,500 करोड़ रुपये है। भारत को साल 1962 के युद्ध से सबक लेना चाहिए था, लेकिन वर्ष 2014 तक सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास में कोई प्रगति नहीं हुई। यह बात भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कही।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी नामक विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में युवाओं से कहा कि चीन के साथ भारत की यथार्थवादी, जमीनी और व्यावहारिक नीति होनी चाहिए। जयशंकर ने कहा कि चीन हमारा पड़ोसी मुल्क है और चाहे वह चीन हो या कोई अन्य पड़ोसी, सीमा समाधान एक तरह की चुनौती है। उन्होंने कहा कि वह यहां इतिहास पर ध्यान दिलाना चाहेंगे उन्होंने कहा अगर हमने इतिहास से सबक नहीं लिया तो बार-बार गलतियां करते रहेंगे। जयशंकर ने युवाओं से कहा कि चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा कर लिया उस समय तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखकर कहा कि वह चीन के प्रति भारत की नीति से खुश नहीं हैं।

## टूरिस्ट के रूप में अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाले पहले भारतीय बनेंगे गोपीचंद

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत वैसे तो अंतरिक्ष में कई इतिहास रच चुका है जिसकी दुनिया ने भी सराहना की। अभी हाल ही में चंद्रयान-3 की चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग ने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया था। अब गोपीचंद थोटाकुरा एक टूरिस्ट के रूप में अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाले पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं।

गोपीचंद वर्तमान में एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। ब्लू ओरिजिन ने गोपी के बारे में कहा कि वह ऐसे व्यक्ति है जिसने गाड़ी चलाने से पहले उड़ना सीखा। उनका अनुभव कॉमर्शियल जेट पायलटिंग, बुश फ्लाइंग, एरोबेटिक्स, सीप्लेन, ग्लाइडर और हॉट एयर बैलून पायलटिंग तक फैला हुआ है। इसके अलावा गोपी ने मेडिकल जेट भी उड़ाए हैं। हाल ही में अफ्रीका में माउंट किलिमंजारो के शिखर पर चढ़े हैं। गोपी ने एम्ब्री-रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी से डिग्री और कोवेंट्री यूनिवर्सिटी से एविएशन/एयरवे मैनेजमेंट और ऑपरेशंस में एमबीए किया है। ब्लू ओरिजिन का न्यू शेपर्ड रॉकेट एक रियूजेबल सबऑर्बिटेबल रॉकेट सिस्टम है। इसका नाम एलन शेपर्ड के नाम पर रखा गया है। शेपर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी हैं।

न्यू शेफर्ड मिशन पर्यावरण के अनुकूल है। न्यू शेपर्ड अंतरिक्ष यान में एक क्रू कैप्सूल और एक बूस्टर रॉकेट होता है। इसमें कम से कम छह यात्री, कार्गो के छह पीस, या दोनों कैप्सूल के अंदर फिट हो सकते हैं। एक बीई-3पीएम इंजन बूस्टर रॉकेट को पावर देता है। ये कैप्सूल को कार्मन लाइन से ऊपर उठाता है और कार्गो और यात्रियों दोनों को पृथ्वी पर लौटने से पहले भारहीनता एक छोटी सी अवधि का मजा लेने की इजाजत भी देता है।

## आंध्र प्रदेश: CM जगन मोहन रेड्डी पर पथराव

आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी पर पथराव की खबर सामने आ रही है। विजयवाड़ा में ठमेमंथा सिद्धमठ बस यात्रा के दौरान सीएम जगन पर पथराव हो गया है।

आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी पर पथराव की खबर सामने आ रही है। विजयवाड़ा में ठमेमंथा सिद्धमठ बस यात्रा के दौरान सीएम जगन पर पथराव हो गया है। यह हमला तब हुआ जब वह लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इस दौरान पत्थर लगने से सीएम जगन की बायीं भौंह पर चोट लग गई।

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, जगन मोहन विजयवाड़ा में रोड शो कर रहे थे। इसी दौरान भीड़ में से फूलों के साथ उन पर पत्थर फेंके गए। खबर अपडेट की जा रही है।

## आज पीएम मौदी जारी करेंगे भाजपा का घोषणापत्र

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी कर सकते हैं। जबकि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के कई नेता दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में मौजूद रहने वाले है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। पिछले महीने घोषित की गई भाजपा की 27 सदस्यीय घोषणापत्र समिति की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और पूर्व भाजपा प्रमुख राजनाथ सिंह करते हैं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल संयोजक और सह-संयोजक हैं।

अबकी बार 400 पार कॉल के साथ बीजेपी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। सूची में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्रियों में विष्णु देव साय और मोहन यादव के नाम भी शामिल हैं। भाजपा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भी चुनाव घोषणा पत्र समिति का सदस्य बनाया है। पैनल के सदस्यों में वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, अर्जुन मुंडा, अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू और अन्य जैसे शीर्ष भाजपा नेता भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 27 सदस्यीय समिति में चार राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, हिमंत बिस्वा सरमा, असम के सीएम, विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, और गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल।

## फिर विवाद में कांग्रेस, विधायक ने भारत माता की जय के नारे के लिए खरगे से मांगी इजाजत

बेंगलुरु (ईएमएस)। कर्नाटक के कलबुर्गी में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली आयोजित की गई थी। रैली में एक कांग्रेस विधायक ने भारत माता की जय के नारे लगाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे से इजाजत मांगी। घटना के बाद सियासी हंगामा खड़ा हो गया है। वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी आक्रामक हो गई है।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि खरगे साहब इस बात को गलत नहीं समझेंगे। मैं भारत माता की जय कहूंगा और आप सभी को मेरे पीछे कसकर इस नारे को दोहराना होगा।

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने घटना पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने घटना को कांग्रेस के भीतर सांस्कृतिक विभाजन करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देशभक्ति व्यक्त करने और भारत माता की प्रशंसा करने को कांग्रेस के भीतर अपराधबोध और स्पष्टीकरण का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा राष्ट्रवादी आदर्शों के प्रति अटूट प्रतिबद्ध है।

विजयेंद्र ने कहा यह जानना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है कि वरिष्ठ नेता कांग्रेस के मंच पर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सामने खुले तौर पर भारत माता की जय का नारा लगाने से हिचकिचाते हैं। क्या यह बहुत दयनीय और खतरनाक नहीं है?

अपनी देशभक्ति व्यक्त करने और भारत माता की प्रशंसा करने की कोशिश करने वाला एक कांग्रेस नेता दोषी महसूस करता है। इसलिए वह पार्टी प्रमुख को नारा लगाने के बारे में अपना रुख स्पष्ट करना चाहता है। कर्नाटक में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने भी इसकी आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि उनकी हिचकिचाहट प्रियांक खरगे को पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों की वकालत करते हुए देखने से उपजी है।

## बोर्नविटा जैसे पदार्थ हेल्थ ड्रिंक्स नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा है कि वे अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक की कैटेगरी से हटा दें। मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन में कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक लीगल बॉडी की जांच में पाया कि हेल्थ पेय डेफिनेशन नहीं है। इससे पहले 2 अप्रैल को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडड्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा था कि वे अपनी वेबसाइट्स पर बेचे जाने वाले फूड प्रोडक्ट्स को उचित कैटेगरी में डालें। साथ ही अथॉरिटी ने किसी भी पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ाने के लिए हेल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक जैसे शब्दों का दुरुपयोग नहीं करने के लिए भी कहा था।

## राजद का घोषणापत्र जारी, तेजस्वी बोले इंडी सरकार बनी तो खत्म करेंगे अग्निवीर योजना

पटना(ईएमएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने राजद कार्यालय में प्रेस वार्ता की और राजद के वरीय नेताओं के साथ घोषण पत्र जारी किया। तेजस्वी यादव ने देश की जनता के लिए 24 वचन दिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं लंबे समय से नौकरी, महंगाई, गरीबी और बेरोजग़ारी के बारे में बोल रहा हूं। लेकिन, प्रधानमंत्री जनमुद्दों और काम की बात का नोटिस ही नहीं लेते। उन्हें तो बस अपने मन की बात सुनानी है। 10 वर्षों में उन्होंने बिहार को क्या दिया? अपने वादे पूरे क्यों नहीं किए? इन पर नहीं बोलते, वो मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की बातें करते है। बिहार की जनता बहुत समझदार है।

एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी

तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो पूरे देश में एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। पूरे देश में 30 लाख पद रिक्त पड़े हैं। उसको तो भरेंगे ही। लेकिन, 70 लाख पदों का सृजन करेंगे। आपलोग जानते हैं नौकरी, बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। भाजपा के लोगों ने दो करोड़ नौकरी हर साल देने का वादा किया था। हमलोग सच्चे लोग हैं। जो कहते हैं, वह करते हैं। 15 अगस्त से नौकरी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

बिजली की दर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी

तेजस्वी यादव ने कहा कि आगामी रक्षा बंधन से देश के गरीब महिला को एक लाख सहायता देगें। साथ ही 500 रुपया गैस सिलेंडर का दाम पूरे देश में कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने अग्निवीर योजना को खत्म करने की बात कही। बिहार के लिए एलान करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिजली की दर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवाएंगे। बिहार को एक लाख 60 हजार करोड़ का स्पेशल पैकेज बिहार को दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो पुरानी पेशन योजना लागू करेगें।

## लोकसभा के चुनाव में घर-घर मे शुरू हो गई लड़ाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। इसका असर अब घर-घर में पड रहा है। पति पत्नी और बच्चों के बीच राजनीतिक दलों और चुनाव में किसे समर्थन करना है। इसको लेकर आपस में बहस होने लगी है। बहस इतनी तेज हो जाती है, इसका असर अब रिश्तों पर पड़ने लगा है। कई मामले तो इतने गंभीर रूप से सामने आए हैं। बहस का असर इतना गंभीर पड़ा, जिससे मनोचिकित्सक की सलाह लेनी पड़ रही है।

जिस तरीके के विज्ञापन सोशल मीडिया और टीवी में दिखाई जा रहे हैं। उसका खराब असर अब हर परिवार में पड़ने लगा है। जो विज्ञापन दिखाए जा रहे हैं, ठीक उसके विपरीत स्थिति होने के कारण, घर घर में झगड़ा होने लगे हैं। महंगाई और बेरोजगारी के कारण आर्थिक स्थिति प्रत्येक परिवार की बिगड़ गई है। इसका असर प्रत्येक परिवार में देखने को मिल रहा है। बहस के दौरान कई बार हिंसक घटनाएं भी होने लगी हैं। आपस में ही मारपीट और लड़ाई-झगड़ा देखने को मिल रहे हैं। चुनाव में,मतदान को लेकर

जिस तरीके का तनाव परिवारों के अंदर और दोस्तों के बीच में देखने को मिल रहा है। उसने चिताओं को बढ़ा दिया है।

टीवी पर चल रही राजनीतिक डिबेट का असर अब घर-घर में पड रहा है। परिवार के सदस्यों के बीच और दोस्तों की बीच जो शालीनता थी। वह भी खत्म हो रही है। आपसी संबंध तनाव पूर्ण हो रहे हैं। टीवी में चल रही डिबेट का असर हर रिश्ते में पडने लगा है। लोग मानसिक रूप से आक्रामक होकर पक्ष और विपक्ष में अपनी बातें रखने लगे हैं। छोटी छोटी सी बात पर आक्रामक हो जाते हैं।

मनोचिकित्सकों का कहना है, कि जब व्यक्ति किसी राजनीतिक दल से प्रेम या नफरत करने लगता है। उसका मानसिक असर मस्तिष्क में तेजी से पड़ रहा है। न्यूरोट्रांसमीटर जैसे सैरोटोनिन, डोपामिन में असंतुलन पैदा हो जाता है। जिसके कारण उत्तेजना, गुस्सा,निराशा और चिड़चिड़ापन जैसी स्थितियां उत्पन्न हो जाती है। डोपामिन सही मायने में मूड और मांसपेशियों की गति को नियंत्रित करता है। वही सेराटोनिन की कमी हो जाने से खुशी या गम का अनुभव होने लगता है।

राजनीति में जिस तरह की आक्रामकता देखने को मिल रही है। टीवी और सोशल मीडिया का असर प्रत्येक परिवार पर पड रहा है। जैसा वह देखते और सुनते हैं। वैसी ही प्रतिक्रिया देने लगे हैं। जिसके कारण हर परिवार में तनाव देखने को मिल रहा है। पति पत्नी बच्चों और दोस्तों के संबंध भी राजनीतिक दलों के कारण दांव पर लग गए हैं।

## गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं है और इसे मुक्त रहना चाहिए - प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं है और इसे मुक्त रहना चाहिए, तभी इसमें तेजी आएगी। ई-गेमिंग उद्योग के भविष्य और उसके समक्ष मौजूद चुनौतियों पर शीर्ष भारतीय ऑनलाइन 'गेमर्स के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री ने उनसे कुछ सवाल भी पूछे और कुछ खेलों में हाथ भी आजमाया।

जब एक गेमर नमन माथुर ने मोदी से पूछा कि क्या गेमिंग सेक्टर के लिए नियमन की कोई आवश्यकता है, तो उन्होंने कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, ''दो चीजें हैं, जो सरकार कर सकती है। या तो आप किसी कानून के तहत पाबंदियां लागू करें या हमारे देश की जरूरतों के मुताबिक उसे समझने और ढालने की कोशिश करें और इसे संगठित व कानूनी ढांचे के तहत लाएं और इसकी प्रतिष्ठा को बुलंद करें।

उन्होंने कहा, ''मेरा प्रयास देश को उस स्तर तक ले जाना है कि 2047 तक सरकार मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन से बाहर हो जाए। हमारा जीवन कागजी कार्रवाई में फंस गया है। गरीबों को ही सरकार की जरूरत है, मुश्किल समय में सरकार को उनके साथ रहना चाहिए।

एक अन्य गेमर अनिमेष अग्रवाल ने कहा कि सरकार को ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग को मुख्यधारा के खेल के रूप में मान्यता देनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा, ''यह एक कौशल-आधारित गेमिंग है और इसमें जुआ शामिल नहीं है। एक बार जब यह स्थापित हो जाता है और वित्तीय लेनदेन में शामिल लोगों सहित सभी सरकारी निकायों द्वारा समझ लिया जाता है, तो यह वास्तव में फायदेमंद होगा। जैसा कि आपने कहा, उद्योग को विनियमन की आवश्यकता नहीं है। हमें इसे स्वतंत्र रूप से बढ़ने देना चाहिए। थोड़ा सा धक्का दिया जाए, तो उद्योग आगे बढ़ जाएगा। इस पर मोदी ने जवाब दिया, ''इसे (ईस्पोर्ट्स और गेमिंग) किसी नियमन की जरूरत नहीं है। यह मुक्त रहना चाहिए, तभी यह आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने गेमर्स से जानना चाहा कि वे गेमिंग और जुए के बीच संघर्ष से कैसे निपटते हैं। गेमर्स ने प्रधानमंत्री के साथ उद्योग में उपयोग की जाने वाली कुछ शब्दावली जैसे 'नूब और 'ग्राइंड पर भी चर्चा की।

जैसा कि खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री को समझाया कि 'नूब किसी नौसिखिया या खेल में बहुत कुशल नहीं होने का संदर्भ है। इस पर मोदी ने हंसते हुए कहा, ''अगर मैं चुनाव के दौरान इस शब्द का इस्तेमाल करूंगा, तो लोग हैरान होंगे कि मैं किसकी बात कर रहा हूं। अगर मैं यह कहता हूं, तो आप इसे किसी विशेष व्यक्ति के लिए मान लेंगे।

गुजरात के कच्छ के एक गेमर तीरथ मेहता ने कहा, ''लोगों को लगता है कि हम टाइम पास करने के लिए गेम खेलते हैं। हम ऐसे खेल खेलते हैं, जो वास्तव में दूसरों से अलग हैं, लेकिन लोगों को लगता है कि वे लूडो की तरह आसान हैं ।।। हम ऐसे खेल खेलते हैं, जो शतरंज की तरह जटिल होते हैं और इनमें भी मानसिक और शारीरिक कौशल की जरूरत होती है।

मोदी ने कहा, ''लोगों ने अलग-अलग समाधान पेश किए हैं। मेरे पास मिशन लाइफ नामक एक वैकल्पिक समाधान है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाने के लिए हमारी दैनिक जीवन शैली को बदलने की वकालत करता है। उन्होंने कहा, ''अब, वैश्विक जलवायु मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक खेल की कल्पना करें, जहां गेमर को सबसे टिकाऊ दृष्टिकोण की पहचान करने के लिए विभिन्न तरीकों और समाधानों का पता लगाना चाहिए। ये कदम क्या हैं? हम इसके माध्यम से कैसे आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने स्वच्छता अभियान का उदाहरण दिया और कहा कि खेलों में इस विषय को भी उठाया जा सकता है। इनके जरिए युवाओं को भारतीय मूल्यों को अपनाने और उनके वास्तविक महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

## जन हितैषी

# संविधान की रक्षा ही डॉ भीमराव आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि!

दुनिया जानती है ,भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ भीमराव आंबेडकर का अभूतपूर्व योगदान रहा है।तभी तो संविधान देश मे सर्वपरि है।लेकिन पिछले कुछ समय से डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाये गए इस संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे है,जिसे लेकर संविधान के प्रति आस्था रखने वाला हर व्यक्ति चिंतित है।भारतीय संविधान के कारण ही भारत दुनिया मे सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है,देश के इस लोकतांत्रिक स्वरूप को बनाये रखने के लिए आज हमें सजग रहने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान के सूत्रधार एवं चिंतक डॉ. बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की अद्वितीय प्रतिभा देश व समाज के लिए अनुकरणीय व अग्रणीय रही है। वे एक प्रख्यात मनीषी, समाज सेवक, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, एवं धैर्यवान बौद्धिक व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपना जीवन समग्र भारत के कल्याण की कामना हेतु उत्सर्ग कर दिया था। विशेषकर 80 प्रतिशत उन दलित, सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त लोगो के लिए, जिन्हें शोषण व पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. आंबेडकर का जीवन संकल्प रहा।

सामाजिक चिंतक डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल सन 1891 को महू में सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवीं संतान के रूप में हुआ था।बचपन से ही उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता का प्रभाव रहा। डॉ भीमराव सातारा गांव के एक ब्राह्मण शिक्षक को बेहद प्रिय रहे। ये शिक्षक ही डॉ आंबेडकर के लिए उनपर सामाजिक अत्याचार और लांछन की तेज धूप में बादल रूपी छांव बन गए थे। डॉ. आंबेडकर की सोच थी कि, समाज को श्रेणीविहीन और वर्णविहीन करना होगा क्योंकि श्रेणी ने इंसान को दरिद्र और वर्ण ने इंसान को दलित बना दिया है। जिनके पास कुछ भी नहीं है, वे लोग दरिद्र माने गए और जो लोग कुछ भी नहीं है, वे दलित समझे जाते थे।

बाबा साहेब ने इसी भेदभाव के प्रति संघर्ष का बिगुल बजाकर समाज को जागरूक करने की कोशिश की।वे कहते थे कि, छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकार वसूल करना होता है। उन्होंने कहा था, हिन्दुत्व की गौरव वृद्धि में वशिष्ठ जैसे ब्राह्मण, राम जैसे क्षत्रिय, हर्ष की तरह वैश्य और तुकाराम जैसे शूद्र लोगों ने अपनी साधना का प्रतिफल जोड़ा है। उनका हिन्दुत्व दीवारों में घिरा हुआ नहीं है, बल्कि ग्रहिष्णु, सहिष्णु व चलिष्णु है।बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने भीमराव आंबेडकर को मेधावी छात्र के नाते छात्रवृत्ति देकर सन 1913 में विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेज दिया था। उन्होंने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मानव विज्ञान, दर्शन और अर्थ नीति का अध्ययन किया और विद्वता हासिल की।चूंकि विदेश में भारतीय समाज का अभिशाप और जन्मसूत्र से प्राप्त अस्पृश्यता की कालिख नहीं थी। इसलिए उन्होंने अमेरिका में एक नई दुनिया के दर्शन किए।बाबासाहेब अम्बेडकर की विद्वता का प्रमाण यह है कि वे 64 विषयों में मास्टर थे वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे उन्होंने 21 साल तक विश्व के सभी धर्मो को लेकर तुलनात्मक अध्ययन किया था

बाबासाहेब ने लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स में 8 वर्ष में समाप्त होनेवाली पढाई मात्र 2 वर्ष 3 महीने में पूरी की इसके लिए उन्होंने प्रतिदिन 21-21 घंटे पढ़ाई की थी

डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का अपने 8,50,000 समर्थको के साथ बौद्ध धर्म में दीक्षा लेना विश्व में एक ऐतिहासिक घटना थी, क्योंकि यह विश्व का सबसे बडा धर्मांतरण था।

बाबासाहेब को बौद्ध धर्म की दीक्षा देनेवाले महान बौद्ध भिक्षु महंत वीर चंद्रमणी ने उन्हें ''इस युग का आधुनिक बुद्ध'' कहा था।

लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स से ''डॉक्टर ऑल सायन्स'' नामक अनमोल डॉक्टरेट पदवी प्राप्त करनेवाले बाबासाहेब विश्व के पहले और एकमात्र महापुरूष रहे हैं।

डॉ. आंबेडकर ने अमेरिका की एक सेमिनार में भारतीय जाति विभाजन पर अपना मशहूर शोध-पत्र पढ़ा, जिसमें उनके व्यक्तित्व की खूब प्रशंसा हुई।

सर्वसम्मति से डॉ. आंबेडकर को संविधान सभा की प्रारूपण समिति का अध्यक्ष चुना गया। 26 नवंबर सन1949 को डॉ. आंबेडकर के नेतृत्व में (315 अनुच्छेद का) भारतीय संविधान पारित हुआ।

डॉ भीम राव आंबेडकर मधुमेह से पीड़ित हो गए थे। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से 6 दिसंबर सन 1956 को उनकी मृत्यु दिल्ली में सोते समय घर पर ही हो गई।सन 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया।

डॉ. आंबेडकर का धेय था कि सामाजिक असमानता दूर करके दलितों के मानवाधिकार प्रतिष्ठा करना।जिसमे वे काफी हद तक सफल भी रहे। डॉ. आंबेडकर ने सावधान किया था कि, 26 जनवरी सन1950 को हम परस्पर विरोधी जीवन में प्रवेश कर रहे हैं। हमारे राजनीतिक क्षेत्र में समानता रहेगी किंतु सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में असमानता रहेगी। जल्द से जल्द हमें इस परस्पर विरोधता को दूर करना होगा।हालांकि समय के साथ इसमें काफी कमी आई है और हम डॉ आंबेडकर के सपनो को पूरा करने में लगातार सफल हो रहे है,लेकिन सत्ता के लालच में जो भी भारतीय संविधान से नाजायज़ छेड़छाड़ का प्रयास करेगा, उसका परिवाद करना भी हमारा दायित्व है।

# सियेरा लियोन में कब्रों से हड्डियां चुरा रहे लोग

बिगड़े हालात, कब्रें खोदने लगे लोग, लगानी पड़ी इमरजेंसी

नई दिल्ली( ईएमएस )। यूं तो नशा हर रूप में बुरा ही है लेकिन दुनिया में एक ऐसा देश है, जहां नशे के लिए लोग कब्रों से गड़े मुर्दे उखाडने लगे हैं। हालत ये है कि इसके चलते देश के राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा करनी पड़ गई। बात हो रही है। अफ्रीका के पश्चिमी हिस्से के एक देश सियेरा लियोन की। सिएरा लियोन में मानव हड्डियों से तैयार होने वाला साइकोएक्टिव ड्रग बड़ी मुसीबत बन गया है। इस जोंबी ड्रग के नशे के लिए लोग कब्रें खोदने लगे हैं। इस भयावह खतरे ने सिएरा लियोन को ऐसी स्थिति में ला दिया है कि देश में इमरजेंसी लगानी पड़ी है।

फ्रीटाउन में कब्रें खोदकर हड्डियां चुराए जाने से परेशान पुलिस अधिकारी कब्रिस्तानों की सुरक्षा कर रहे हैं। जांबी ड्रग्स या कुश कहे जाने वाला ये ड्रग विभिन्न प्रकार के टॉक्सिक सब्सटेंस से बनता है, जिसका एक मेन सब्सटांस मानव हड्डियां है।

छह साल पहले सामने आया ये ड्रग

यह ड्रग पहली बार लगभग छह साल पहले पश्चिम अफ्रीकी देश में सामने आया था। आउटलेट के अनुसार, यह एक ऐसे नशा है जो कई घंटों तक रह सकता है। ये ड्रग एक बड़ी समस्या बन गया है और इसके डीलर कथित तौर पर गंभीर लुटेरों में बदल गए हैं, जो इसके लिए हजारों कब्रों में सेंध लगाकर कंकाल चुरा रहे हैं। आउटलेट के अनुसार, सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो ने कहा, वर्तमान में हमारा देश नशीले ड्रग्स के सेवन, विशेष रूप से विनाशकारी सिंथेटिक ड्रग कुश के प्रभाव के कारण अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहा है।

ड्रग के खात्मे के लिए टास्क फोर्स का गठन

बायो ने कहा कि इस ड्रग को लेने वाले लोगों में मृत्यु दर बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने इस खास ड्रग के खात्मे के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसका मतलब है कि हर जिले में ऐसे केंद्र होंगे जिनमें नशे की लत से पीडित लोगों की देखभाल और सहायता करने के लिए ट्रेन्ड प्रोफेश्नल्स का स्टाफ होगा। फिलहाल, फ्रीटाउन देश का एकमात्र एक्टिव ड्रग रिहैब्लिटेशन सेंटर है।

अब तक हो चुकी सैकड़ों मौतें

सिएरा लियोन मनोरोग अस्पताल के प्रमुख डॉ। अब्दुल जलोह ने कहा कि राष्ट्रपति की आपातकालीन घोषणा सही कदम है और ये इस ड्रग के उपयोग को संबोधित करने में महत्वपूर्ण होगा। कुश के दुरुपयोग से मरने वालों की कोई आधिकारिक संख्या नहीं है, लेकिन फ्रीटाउन के एक डॉक्टर ने बताया कि हाल के महीनों में इसके कारण अंग विफलता के बाद सैकड़ों युवाओं की मौत हो गई है। 2020 और 2023 के बीच, कुश से जुड़ी बीमारियों के साथ सिएरा लियोन मनोरोग अस्पताल में मरीजों की भर्ती 4,000 प्रतिशत बढ़ गई है।

# महिला सशक्तिकरण के हिमायती थे डा.आम्बेडकर

(14 अप्रैल जयन्ती पर विशेष)

हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये।

बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था।

बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरुआत ही 'शिक्षित करो' से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डा.आम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डा.आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डा.आम्बेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। आम्बेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोक सभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें राज्य सभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे।

बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था।

डा.आम्बेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में एक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। राजनीतिक मुद्दों से परेशान आम्बेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 6 दिसम्बर 1956 को आम्बेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर मे मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली मे उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में बाबासाहेब डा.आम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देर से प्रदान किया गया। जिसके वे सबसें पहले हकदार थे।

आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेको सार्वजनिक संस्थानो का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। आम्बेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है। हर वर्ष 14 अप्रैल व 6 दिसम्बर को मुम्बई स्थित उनके स्मारक पर हर साल काफी लोग उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आते हैं। बाबा साहब ने शिक्षित बनों, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। शिक्षित बनने का अर्थ है कि हमारे ज्ञान के द्वार खुलते हैं और संगठित रहो का मतलब शक्ति प्राप्त करना हैं। (लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा/ ईएमएस) (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# अहंकार से बचें

जब आप पूरी गंभीरता से आत्मन्वेषण प्रारंभ करते हैं तो होता यह है कि अहं विचार लुप्त हो जाता है और भीतर की गहराइयों में से कोई दूसरा तत्व आप पर अधिकार कर लेता है जो आपका मैं नहीं होता जिसने अन्वेषण शुरू किया था।प्राथमिक शर्त यही है कि मनुष्य मिटे, शून्य हो जाए , नकार हो जाए। मनुष्य हटे, द्वारा दे तो परमात्मा का आगमन हो।मनुष्य की चाह असंभव की हैः मनुष्य चाहता है परमात्मा को पा लूं और मैं भी रहूं।अहंकार को परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती।हम परमात्मा को पाना चाहते हैं परंतु अहंकार छोड़ने के लिए तैयार नहीं।यह मैं बडा लालायित रहता है हर सुख पाने के लिए। परमात्मा भी उसके लिए एक सुख की तरह है,वह उसे परम सुख कहदे पर है सुख ही।जब तक अहंकार है परम सुख कहां और जब परम सुख होता है तब अहंकार नहीं होता।जब भोक्ता ही नहीं तो परम सुख का क्या अर्थ है?मगर यही है।सत्य सतचित आनंदस्वरुप है।अहंकार खोजने पर पाया नहीं जाता।इसका अर्थ है अहंकार जैसी कोई चीज नहीं है,सिर्फ भ्रम है,मूर्छा है, अज्ञान है।जब हम पूछते हैं -मैं कौन हूं तब यहां मैं अहंकार का सूचक है।अहंकार पूछता है-मैं कौन हूं, कहां हूं, क्या हूं?पता लगाने पर यही पता लगता है कि अहंकार नहीं है, अस्तित्व है,आत्मा है( सेल्फ )।मैं अहंकार हूं मतलब मैं हूं ही नहीं।श्रीरमण महर्षि बार-बार कौन है पूछने के लिए कहते हैं।विचार दिन भर चलते ही हैं बस हर विचार के साथ कौन जोड दिया जाय।जैसे सुख का अनुभव हो रहा है तो पूछे कौन सुख का अनुभव कर रहा है?दुख का अनुभव हो रहा है तो कौन दुख का अनुभव कर रहा है?इस तरह कौन सम्मान या अपमान का अनुभव कर रहा है?मैं।तो यह मैं अहंकार है जो वस्तुतःहै नहीं,जो केवल मान्यता है, अज्ञान है,भ्रम है।कौन सुखी है?मैं जो हूं ही नहीं।कौन दुखी है?मैं जो हूं ही नहीं।जो है ही नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है?कोई प्रश्न नहीं।जो है नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है?सुखी दुखी तो तब हो जब वह हो।अहंकार नहीं है तो फिर कौन है?वही है जो है।उसे समझने के लिए आत्मा, परमात्मा कह दिया जाता है।कहने से वह शब्द जैसा लगता है।है वस्तुतः निशब्द, अस्तित्व रुप, सतचित आनंद अनुभव रुप।मैं एक शब्द है,अनुभव निशब्द है।हम अनुभव पर ध्यान देने के बजाय मन में मैं मैं करके सोचते रहते हैं और सुखी दुखी होते रहते हैं।मन, मैं विचार,अहंकार एक ही बात है। वास्तव में यह अस्तित्व हीन है।जो है वह अस्तित्व हीन नहीं है।वह तो है।है जब इतनी बात हो रही है वर्ना इतनी बात न हो।वह पूर्ण है,आनंद है।समस्या अहंकार के कारण है जो वस्तुतःहै ही नहीं।केवल एक विचार है या ख्याल मात्र है।कोई कोई उसे मानसिक छबि( एक इमेज )भी कहते हैं।यह देखने जैसी बात है जो है ही नहीं वस्तुतःवह कैसे बड़े भारी कष्ट का कारण बना हुआ है?मुझे चोट लगी।वह कौन है जिसे चोट लगी?मुझे चोट लगी जो हूं ही नहीं।जो है ही नहीं उसे चोट कैसे लग सकती है?केवल मान लिया मैं हूं -और इसलिए चोट लग रही है।मैं कौन हूं यह जानने के लिए है कि मैं तो हूं ही नहीं, वही है सदा जो है।यह आत्मानुसंधान द्वारा जाना जाता है।अहंकार रुपी मेरा कोई अस्तित्व नहीं फिर कैसा दुख,कैसी पीडा,कैसी चिंता,कैसा भय?गीता ने अहंकारविमूढात्मा शब्द का प्रयोग किया है। आत्मा अहंकार भ्रम से भ्रमित होकर सोचता है मैं सुखी हूं, मैं दुखी हूं आदि,यदि हम अहंकार की मान्यता बनाकर जीएंगे तो यह सब होगा ही। और यह बडा कष्टप्रद है।इस कष्ट से अभी इस क्षण मुक्ति मिल सकती है अगर मैं जान लूं कि अहंकार रूपी मैं हूं नहीं।मैं ही नहीं फिर कैसा सुख दुख?इस कारण से कौन सुखी है,कौन दुखी है यह प्रश्न पूछते रहना सार्थक है।जैसे ही परेशानी हुई,तुरंत पूछे-

कौन परेशान है?अहंकार रुपी मैं परेशान हूं।कौन है, क्या है यह अहंकार रुपी परेशान?पता लगाने पर यही पता चलेगा कि यह अस्तित्व हीन है,इसकी कोई सत्ता नहीं।फिर धोखा कैसे होता है,अहंकार रुपी भ्रम क्यों कैसे होता है?इसका कारण बताया गया माया।मैं अरु मोर तोर तें माया। जेहिं बस कीन्हें जीव निकाया।।सभी जीव मूलतः आत्मस्वरुप हैं।मेरा मेरा करे आपको धोखा क्योंकि संसार में प्रवहु राम के अलावा सभी का नस्ट होना तय है आज चुनाव में मैं ऐ सब किता मेरे पास खजाना है जितने पर ऐ सब मिलेगा ऐ दिशाहिन राजनीती है ऐ कहना चाहिए देश को क्या दे सकते हैं आपकी सुरक्षा की गारंटी,आम आदमी पार्टी के लोग यदि जेल में बन्द हैं तो अपने कर्मों के कारण हाई कोर्ट ने फैसला दिया है कि आपको जेल में सही डाला गया है और इसका राजनीती से क्रोई लेना देना नहीं है ऐ ईडी का मामला है जो गंभीर है और इसका चुनाव से क्रोई लेना देना नहीं ऐ अहंकार के कारण ही हुआ,परमात्मा ही सब है सभी जीवों के रूप में।एकोहं बहुस्याम्। वही एक से अनेक हो गया है। मैं मेरा तू तेरा वह उसका की माया से झूठा भेद खडा कर दिया है। वही परेशान कर रहा है।मगर परेशानी शुभ हो सकती है अगर पूछा जायकौन परेशान है?ज्ञात होगा अहंकार परेशान है जो वस्तुतः अस्तित्व हीन है।बडी अद्भुत बात है जो है नहीं वह परेशान कैसे हो सकता है?नहीं हो सकता।और यही समझ समझ है,यही नहीं मैं परमात्मा को पाना चाहता हूं तो पूछूं - कौन परमात्मा को पाना चाहता है?

जो है ही नहीं। इसका अर्थ है- सिर्फ परमात्मा ही है, परमात्मा की ही सत्ता है। जो है वह सताचित आनंदस्वरुप है।यह ज्ञान है यह सचमुच कल्याणकारी है।सुख में तो पूछे ही दुख में, असहनीय तकलीफ में भी पूछे, कौन इतनी भारी तकलीफ महसूस कर रहा है?आश्चर्य होगा जानकर कि वह इतनी बड़ी तकलीफ़ महसूस कर रहा है जो है ही नहीं। पूछते ही वास्तविकता की तरफ ध्यान जाता है। वास्तविकता मुक्त कर देती है।रावण दुनिया जीत कर भी अहंकार के कारण सब कुछ हार गया यहाँ तक की प्राण भी गया और श्री राम के पास केवल धनुष बाण था जब पिता की आज्ञा से बनवास गए तो उनका खराऊ भी उनके भाई भरत लें गए यानि पैर भी खाली लेकिन अहंकार बिलकुल ही नहीं था बिलकुल शांति से कर्म किया और इस वजह से भगवान श्री राम बने, कहा जाता है कि औरंगजेब की सेना ने जब चमकोर के युद्ध में मात्र 40सैनिक ने औरंगजेब की लाखों की सेना ने घेर लिया तो गुरूजी बिलकुल नहीं घबराये और मुट्ठी भर सेना से 5-5की टुकड़ी बनाई और जब उनका साहिबजादे ने युद्ध में जाने के लिए तैयार हुए तो उनके भक्तों ने कहा ऐ आपका पुत्र है इसे ना भेजें लेकिन गुरूजी ने साफ कह दिया कि आप सभी हमारे ही हों और बाद में उनके दोनों पुत्र शहीद हों गए बाद में बंदा सिंह जी को औरंगजेब के पास चिट्ठी भिजवाई की तेरा अहंकार नस्ट होंगा और हों भी गया अतः कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। (लेखक - संजय गोस्वामी/ईएमएस)

## शब्द पहेली - 7976




**बाएँ से दाएँ**

1.चोगा,गाऊन-3
3.पायजामा,शलवार-4
6.भाग्य,लक-3
7.सूर्य,भास्कर-2
8.बिता हुआ दिन-2
10.न्यूनता,निम्नता-5
12.मैडल,पदक-3
15.माला का मोती-3
17.कुलिन स्त्री-5
20.थूक,लेस-2
22.विलंब,लेट-2
23.जाँच,निरीक्षण-3
24.श्मशान,शवदाहगृह-4
25.साफ,बेदाग-3

**ऊपर से नीचे**

2.दानशीलता,उदारता-5
3.पाठ,शिक्षा-3
4.रात्रि जागरण-4
5.नेत्रावरण-3
7.लीन,मगन-2
9.बुरी आदत-2
11.कामदेव-3
13.मगरमच्छ-3
14.इंतजार करना-2,3
15.आलेप,लोशन-4
16.सफेद का विलोम-2
18.पानी से सराबोर-2
19.माजरा,हालात-3
21.रिपोर्ट-3

शब्द पहेली -7975 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास 14 अप्रैल

1629 इंग्लैंड और फ्रांस का युद्ध समाप्त हुआ.
1659 दिल्ली की तख्त की लड़ाई में औरंगजेब ने दारा को शिकस्त दी.
1865 अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की मौत गोली मारे जाने के बाद अगले दिन हुई.
1891 डा.भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ.
1912 टाइटैनिक उत्तरी अटलांटिक में 150 व्यक्तियों सहित डूबा.
1945 द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका ने जापान के शाही महल पर बमबारी की.
1962 आधुनिक कर्नाटक के निर्माता एस.विश्वेश्वरैया का निधना.
1966 महात्मा गांधी के अंतिम जीवित पुत्र रामदास गांधी का निधन.
1978 एशिया की सबसे बड़ी बिल्डिंग सनसाइन-60 का टोकियो में उद्घाटन.
1988 सोवियत संघ ने अफगानिस्तान में अपना हस्तक्षेप समाप्त करने संबंधी समझौता किया.
1990 डॉ.बी.आर.अम्बेडकर को मरणोपरान्त 'भारत रत्न' से सम्मानित किया.
1992 राष्ट्रसंघ ने इराक द्वारा कुर्द क्षेत्रों में प्रक्षेपात्रों को तैनाती पर परिणाम की चेतावनी दी.
2001 झारखंड के हजारीबाग में उग्रवादियों ने 15 आदिवासियों की हत्या की.

## खेल - समाचार

# सबसे कम गेंद पर 3 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने पंत

सूर्या कुमार से लेकर धोनी कोई नहीं आगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी शानदार रही है। दुर्घटना की वजह से करीब 15 महीने तक पंत क्रिकेट से दूर थे। वह आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे हैं। साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में भी पंत ने शानदार बल्लेबाजी की। इस मैच में उनके 3 हजार आईपीएल रन भी पूरे हो गए।

पंत ने आईपीएल में 2028 गेंदों पर अपने 3000 रन पूरे किए हैं। वह सबसे कम गेंद पर 3 हजार रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। अपनी विस्फोटक बैटिंग के लिए मशहूर पंत ने दिल्ली के लिए ही आईपीएल डेब्यू किया था। अपनी 103वीं पारी में उन्होंने 3 हजार रन बनाए।

पंत से पहले यह रिकॉर्ड यूसुफ पठान के नाम था। यूसुफ ने आईपीएल के पहले ही सीजन में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने लीग में अपना आखिरी मैच 2019 में खेला था। 41 साल के पठान के नाम 154 पारी में 143 की स्ट्राइक रेट से 3204 रन हैं।

सूर्यकुमार यादव आईपीएल के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार हैं। करियर की शुरुआत में सूर्या निचले क्रम में बल्लेबाजी करते थे। वह केकेआर के लिए फिनिशर थे। लेकिन 2018 में मुंबई इंडियंस में आने के बाद सूर्या को टॉप ऑर्डर में खेलने का मौका मिला। इसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और तब से हर सीजन में 300 से ज्यादा रन बनाए हैं।

सुरेश रैना एक वक्त आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 2135 गेंदों पर लीग में अपने 3000 रन पूरे किए थे। चेन्नई सुपर किंग्स को खिताब जीतने में रैना अहम भूमिका निभा चुके हैं। नंबर तीन पर बैटिंग करते हुए उन्होंने कई बार टीम को मुश्किल परिस्थिति से निकाला है।

इस सूची में महेंद्र सिंह धोनी का नाम भी है। चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कप्तानी में 5 आईपीएल खिताब दिला चुके धोनी का बल्ले से भी शानदार रिकॉर्ड है। टी20 इंटरनेशनल में बैट से कोई खास कमाल नहीं कर पाने वाले धोनी के नाम आईपीएल में 2152 गेंदों पर 3000 रन हैं। आईपीएल में वह 39 की औसत और 136 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

# पांच मैचों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की चौथी हार

पर्थ (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत को 3-1 से हरा दिया है। यह भारत की लगातार चौथी हार है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 4-0 से बढ़त बना ली है। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट में गोल कर दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवर्ड ने 19वें, 47वें मिनट में और जैक वेल्च 54वें मिनट में गोल लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। मैच का शुरुआती क्वार्टर काफी प्रतिस्पर्धी हुई। दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ गोल करने के कई मौके बनाए लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके।

पहले क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए दो त्वरित पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। दूसरे पेनल्टी कॉर्नर के द्वारा जेरेमी हेवर्ड ने 19वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ने दबाव बनाते हुए की जेरेमी हेवर्ड ने 47वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद जैक वेल्च ने 54 मिनट में गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने दौरे के पांचवें और आखिरी मैच में 13 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

# जब छक्का लगाने की कोशिश में पंत के हाथ से छूट गया बल्ला

लखनऊ (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत के हाथ से बल्ले का हैंडल छुटना कोई नई बात नहीं है। कई मौकों पर शॉट खेलने के दौरान पंत का एक हाथ बल्ले से छूट जाता है। इसके बाद भी वे छक्का मार देते हैं।चोट से वापसी के बाद पंत ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में एक हाथ से छक्का मारा था। अब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत के हाथ से बल्ला निकल ही गया। 16वें ओवर में लखनऊ के खिलाफ दिल्ली की टीम जीत के करीब थी। तभी पंत ने रवि बिश्नोई के खिलाफ क्रीज पर बाहर निकलकर बड़ा शॉट खेलने का फैसला किया। वे बाहर आ गए लेकिन गेंद गुगली होने की वजह से उन्हें छका गई। पंत ने जोर से बल्ले चलाया जिसकी वजह से बैट उनके हाथ से छुटकर पीछे की तरफ गया। यह केएल राहुल लगता उससे पहले ही उन्होंने स्टंप कर दिया था। पंत के बल्ले से केएल राहुल बाल बाल बच गए। बैट का हैंडल राहुल के हाथ पर जाकर लगा। इससे उन्हें चोट नहीं लगी। अगर बैट का निचला हिस्सा लगता, तब चोट गंभीर भी हो सकती थी। ऋषभ पंत ने इस मैच में भी बेहतरीन पारी खेली। सिर्फ 24 गेंदों पर उन्होंने 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 41 रनों की पारी खेली। उन्होंने 171 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इससे साफ है कि पंत लय में लौट चुके हैं।

# पूर्व क्रिकेटर डूल के बयान ने भारतीय चयनकर्ता की बढ़ा दी परेशानी

नई दिल्ली (ईएमएस)। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई जल्द ही 15 खिलाड़ियों का ऐलान कर सकती है। ऐलान से पहले न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर साइमन डूल ने चयनकर्ताओं की चिंताएं बढ़ा दी है। उनका कहना है कि अगर टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ओपनिंग नहीं करते हैं, तब रिंकू सिंह की भारतीय प्लेइंग में जगह बन पाना मुश्किल हैं। उनका कहना है कि हरफनमौला हार्दिक पांडया, ओपनर शुभमन गिल और विकेट कीपर ऋषभ पंत का भी टी20 वर्ल्ड कप में जगह बना पाना मुश्किल है। डूल ने कहा, मुझे लगता है कि विराट को ओपनिंग करनी चाहिए...100 प्रतिशत। मुझे नहीं लगता कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि अगर वह ऐसा करते हैं तब रिंकू चूक जाएंगे, और मेरी भारतीय प्लेइंग में रिंकू खेलने वाले है। इसलिए विराट को ओपनिंग बल्लेबाजी करनी होगी। अब वह किसके साथ ओपन करते है, यह आप पर निर्भर करता है। या वह रोहित शर्मा हो या जायसवाल, लेकिन कोहली को ओपनिंग करनी होगी, क्योंकि आधुनिक खेल में वह उनकी सर्वश्रेष्ठ पोजिशन है। वह तेज गेंदबाजों को किसी अन्य की तरह ही अच्छे से हिट करता है और वह गेंद को खूबसूरती से टाइम करता है। स्पिन के खिलाफ आकर शुरुआत करना उनका सबसे अच्छा विकल्प नहीं है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कोहली ने केवल नौ बार ओपनिंग की है, जिसमें 161.29 की स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए हैं, जिसमें उनका एकमात्र टी20आई शतक भी शामिल है। आईपीएल इतिहास में, कोहली ने 135.93 की स्ट्राइक रेट से ओपनर के रूप में 3930 रन बनाए हैं। उनके आईपीएल करियर में सभी आठ शतक सलामी बल्लेबाज के रूप में आए है। कोहली के यही आंकड़े देखकर डूल उन्हें टी20 वर्ल्ड कप में भी ओपन करता देखना चाहते हैं। डूल ने कहा, यह मुझे बेवकूफी भरा लगता है, लेकिन अगर जायसवाल बाहर होते हैं, तब आप पास 3 पर संजू, 4 पर सूर्यकुमार, 5 और 6 पर दुबे और रिंकू, 7 पर जड़ेजा हो सकते हैं।

# एक कैच छूटा.....फिर अपने घरेलू मैदान में दिल्ली से हार गई लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ (ईएमएस)। आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान में दिल्ली कैपिटल्स से हार गई। हार के लिए कप्तान केएल राहुल ने रवि बिश्नोई द्वारा जेक फ्रेजर-मैकगर्क के कैच को छूटने को जिम्मेदार माना। लखनऊ अब तक हर बार पहली पारी में 160 से ज्यादा का स्कोर बनाने के बाद जीत हासिल करने में सफल रही थी, लेकिन ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली ने 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। दिल्ली की यह सीजन में दूसरी जीत है, इस जीत के साथ अंक तालिका में नीचे से ऊपर आकर 9वें स्थान पर पहुंच गए। लखनऊ के कप्तान राहुल ने माना कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क का कैच छूटने की वजह से मैच दूर चला गया। राहुल ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने पिच को समझा और उसी हिसाब से गेंदबाजी की। हमारे गेंदबाजों ने वॉर्नर को जल्दी आउट कर दिया। हम 10वें ओवर तक मैच में बने हुए थे, लेकिन फिर एक कैच छूटा और ऋषभ-मैकगर्क ने मैच को हमसे दूर कर दिया। हम अंत तक लड़े। मैकगर्क एक नए खिलाड़ी हैं, जिसे हम ज्यादा नहीं जानते थे। हमने उसके कई वीडियो देखे थे, लेकिन उन्होंने बहुत अच्छा बल्ला चलाया। दिल्ली की ओर से पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर के आउट होने के बाद, पंत और मैकगर्क ने दिल्ली के लिए मैच को संभाला। मैकगर्क ने अपने पहले ही आईपीएलमैच में अर्धशतक लगाया और पंत के साथ 77 रनों की साझेदारी की। तेज शुरुआत के बाद मैकगर्क क्रीज पर जूझ रहे थे। उन्हें 12वें ओवर में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर रवि बिश्नोई ने जीवनदार दे लिया। इसके बाद उन्होंने 13 गेंदों पर 31 रन ठोक दिए।

# आज मुंबई के बल्लेबाजों को रोकने की चुनौती सीएसके पर

वानखेड़े स्टेडियम पर आखिरी मैच खेलने उतरेंगे धोनी

मैच का समय : शाम साढे सात बजे से

मुंबई (ईएमएस)। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मेजबान मुंबई इंडियंस (एमआई) रविवार को आमने सामने होंगी। तब सभी की नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा।

सीएसके पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी। नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलने वाले हैं। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं है। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आएगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं।

मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंडया को कप्तान बनाया, जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दे दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता काफी कड़ी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। खराब शुरूआत के बाद पंडया की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है।

सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिए अहम होगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी। उन्हें जसप्रीत बुमराह (10 विकेट) से भी बचकर रहना होगा। चेन्नई की गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजूर रहमान, जडेजा, शार्दुल ठाकुर और तुषार देशपांडे के हाथों में होंगी।

टीमें :

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंडया (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

चेन्नई सुपरकिंग्सः महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

## भारत-मॉरीशस कर संधि को मंजूरी देना बाकीः आयकर विभाग

नई दिल्ली (ईएमएस)। आयकर विभाग ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच संशोधित दोहरा कराधान बचाव संधि में नियमों और दिशानिर्देशों को मंजूरी देना और अधिसूचित करना बाकी है।

गौरतलब है कि दोनों देशों ने सात मार्च को दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इसमें यह तय करने के लिए एक व्यवस्था प्रिंसिपल पर्पज टेस्ट (पीपीटी) की व्यवस्था की गई है।

इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई विदेशी निवेशक संधि लाभों का दावा करने के लिए पात्र है या नहीं। इसके साथ ही चिंता जताई जा रही थी कि मॉरीशस के रास्ते आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशों को कर अधिकारियों की अधिक जांच का सामना करना पड़ेगा। ऐसी आशंकाएं भी जताई गईं कि पिछले निवेशों को संशोधित प्रोटोकॉल के दायरे में लाया जा सकता है।

# ब्रिटेन में 5 भारतवंशियों को 122 साल की सजा

7 महीने पहले भारतीय मूल के शख्स की हत्या की थी

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन में 5 भारतीयों को 122 साल की सजा हुई है। इन्हें 23 साल के भारतीय ड्राइवर की हत्या के लिए दोषी पाया गया। अर्शदीप सिंह, जगदीप सिंह, शिवदीप सिंह और मनजोत सिंह को हत्या के लिए 28-28 साल की सजा सुनाई गई। वहीं, सुखमनदीप सिंह को हमले में मदद करने के लिए 10 साल की सजा हुई। पांचों भारतीयों ने अगस्त 2023 में एक डिलिवरी ड्राइवर अरमान सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पश्चिमी इंग्लैंड के श्रस्बरी शहर में अरमान पर कुल्हाड़ी, हॉकी स्टिक, लोहे की रॉड, फावड़ा, चाकू, क्रिकेट बैट से हमला किया गया था।

8 नकाबपोश हमलावरों ने हत्या की थी

पिछले 5 हफ्तों से इस मामले में सुनवाई जारी थी। इसमें सामने आया कि दो कारों में 8 नकाबपोश लोग अरमान पर हमला करने पहुंचे थे। इनके पास खतरनाक हथियार थे और सभी ने काले रंग का मास्क पहन रखा था। आरोपी भारतीयों के खिलाफ केस लड़ रहे वकील ने कोर्ट से कहा कि आरोपियों ने अरमान के सिर पर तीन बार कुल्हाड़ी से वार किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर कई फ्रैक्चर आने की बात है। इसके बाद रॉड, हॉकी से हमला हुआ। बाद में पीठ में चाकू मारा गया। अरमान की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

-ईडन गार्डंस पर रविवार को शाम 7.30 बजे खेला जाएगा मैच

कोलकाता,(ईएमएस)। दो बार की आईपीएम चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने होम ग्राउंड ईडन गार्डंस पर रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ उतरेगी केकेआर का लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस आईपीएल सीजन का पहला मैच होगा। मैच रविवार शाम 7.30 बजे शुरू होगा। लखनऊ और केकेआर दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा। चेन्नई ने पिछले मैच में केकेआर को सात विकेट से हराया। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दिए हैं।

दूसरी ओर लखनऊ को अपने तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह मैच खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ मैच में कुछ ज्यादा अच्छा नहीं कर सके। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। केकेआर के खिलाफ क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंडया जैसे बेहतरी स्पिनर हैं जो केकेआर के लिए खतरा बन सकते हैं।

ये हैं केकेआर और एलएसजी टीमें

टीमें : लखनऊ सुपर जाइंट्स (एमएसजी) : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंडया, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) : श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

# सरकार का चालू वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य 17 करोड़ टन तय

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 17 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। बीते वित्त वर्ष में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 14.71 करोड़ टन सूखा कोयले का उत्पादन किया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 11.6 करोड़ टन कोयला उत्पादन से 26 प्रतिशत ज्यादा था। एक अधिकारी ने कहा कि कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एम नागराजू ने चालू वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में 74 कोयला खानों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। अधिकारी ने कहा ?कि कोयला ब्लॉक आवंटियों को 2024-25 में 17 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। अतिरिक्त सचिव ने 2024-25 में नई खानों के संभावित परिचालन की योजनाओं की भी समीक्षा की। बीते वित्त वर्ष के कुल 14.72 करोड़ टन कोयला उत्पादन में बिजली क्षेत्र की निजी उपयोग वाली खानों ने 12.13 करोड़ टन का उत्पादन किया था, गैर-बिजली क्षेत्र की निजी उपयोग वाली खानों में 84 लाख टन कोयला उत्पादन किया। वाणिज्यिक खानों में 1.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन हुआ।

# भारत का कुल टोल संग्रह पहुंचा 64,810 करोड़

पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस बार 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में कुल टोल संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 में 64,809.86 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। और सरकारी और उद्योग के अनुमानों को पार कर गया, क्योंकि व्यावसायिक गतिविधि में बढ़ोतरी हुई है। टोल वाले सडक़ों में तेज बढ़ोतरी और नए फास्टैग यूजर्स को जोडऩे के कारण कुल टोल संग्रह वर्ष की शुरुआत में सरकार द्वारा निर्धारित 55,000 करोड़ रुपये के अनुमान को पार कर गया। फास्टैग रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग हैं जो वाहनों को जारी किए जाते हैं, जिससे टोल प्लाजा पर लेनदेन कैशलेस हो जाता है।

पिछले पांच वर्षों में भारत का कुल टोल संग्रह लगभग 2.6 गुना बढ़ गया है, जो 2018-19 में 25,154.76 करोड़ रुपये से बढक़र हुआ है। 2019-20 में कुल टोल राजस्व 27,637.64 करोड़ रुपये, 2020-21 में 27,923.80 करोड़ रुपये, 2021-22 में 33,907.72 करोड़ रुपये और 2022-23 में 48,028.22 करोड़ रुपये रहा। सरकार का अनुमान है कि भारत में कुल टोल संग्रह 2024-25 में 70,000 करोड़ रुपये को पार करने और 2029-30 तक 1,30,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। आगामी लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 2024-25 के लिए नए टोल दरों का एलान करेगा। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने पिछले हफ्ते राज्य के स्वामित्व वाले राजमार्ग प्राधिकरण को राजमार्गों पर नए टोल दरों की गणना के लिए आगे बढऩे के लिए कहा था, जो आम तौर पर देश के ज्यादातर टोल वाले हाईवे पर 1 अप्रैल से सालाना लागू होते हैं। लेकिन आयोग ने कहा कि नए उपयोगकर्ता शुल्क चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ही लागू होने चाहिए।

855 टोल प्लाजा लेते हैं यूजर फीस

नेशनल हाईवे फीस (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 के अनुसार नेशनल हाईवे पर 855 टोल प्लाजा हैं जो यूजर फीस लेते हैं। इनमें से लगभग 675 सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित प्लाजा हैं और 180 रियायतकर्ता संचालित हैं। सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने 2023-24 में 12,349 किमी नेशनल हाईवे का निर्माण किया, जो 2022-23 में दर्ज किए गए 10,993 किमी की तुलना में 12.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। लेकिन वित्त वर्ष 24 के लिए निर्धारित 13,800 किमी के लक्ष्य से अभी भी काफी दूर है। 2022-23 और 2023-24 में हाईवे निर्माण की दूसरी और तीसरी सबसे ज्यादा दर दर्ज करने के बावजूद, एमओआरटीएच ने अभी तक 2022-23 के बजट के हिस्से के रूप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित 25,000 किमी सडक़ का निर्माण अभी तक पूरा नहीं किया है। सरकारी अधिकारियों को उम्मीद है कि बाकी बचे 1,700 किमी या उससे ज्यादा का काम मई तक पूरा हो जाएगा। पिछले 10 वर्षों में, एमओआरटीएच अपने निर्माण लक्ष्य से सात बार चूक गया है। जबकि उसने लगभग 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करके 97,000 किमी नेशनल हाईवे बनाए हैं।

देश में टोल वाली सडक़ों की कुल लंबाई 30 नवंबर 2023 तक 25,996 किमी से बढक़र 45,428 किमी हो गई है, जो 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। वर्ष 2019-20 में कुल टोल हाईवे की लंबाई 29,666 किमी, 2020-21 में 34,071 किमी, 2021-22 में 38,315 किमी और 2022-23 में 42,595 किमी थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 30 नवंबर, 2023 तक 7.98 करोड़ से ज्यादा फास्टैग जारी किए जा चुके हैं। नेशनल हाईवे फीस प्लाजा पर फास्टैग के जरिए रोजाना औसत संग्रह 2023-24 में 147.31 करोड़ रुपये रहा।

# अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर यूएन ने की पाकिस्तान की आलोचना

जेनेवा,(ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने पाकिस्तान की आलोचना की। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर ईसाई और हिंदू समुदाय से जुड़ी युवतियों और लड़कियों के लिए सुरक्षा की कमी पर निराशा व्यक्त करते हुए विशेषज्ञों ने कहा है कि देश को संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने कहा कि ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन, अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, जबरन शादी, घरेलू दासता और यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के उच्चायुक्त कार्यालय के बयान में विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित महिलाओं और लड़कियों के साथ इस तरह के व्यवहार को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को संधियों के अनुरूप अपने दायित्वों को बनाए रखने और जबरन धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की जरूरत है।

## कांग्रेस के सड़े गले सिस्टम को सुधारने का काम भाजपा सरकार कर रही हैः खट्टर

चंडीगढ़(ईएमएस)। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा है कि पहले कांग्रस की सरकार रही है। उसने सड़ा गला सिस्टम डवलप करके रखा हुआ था। जब भाजपा सरकार आई तो सड़े गले सिस्टम की सफाई की। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में बीबीसी के नाम से एक उद्योग स्थापित कर रखा था जिसका अर्थ था बदलियां, भर्ती और सीएलयू उद्योग। इस उद्योग के नाम पर मोटी कमाई की जा रही थी, लेकिन भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस उद्योग को पूरी तरह से बंद कर दिया। पहले शिक्षकों की बदलियां ऑनलाइन की गई।

# सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी गिरावट रही, सेंसेक्स 793 अंक फिसलकर 74,244 पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने लगातार की?र्तिमान बनाया और आ?खिरकार शुक्रवार को ?फिसलकर बंद हुआ। बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी की ?गिरावट देखी गई। बाजार ?विशेषज्ञ के मुताबिक अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर ?प?रिणाम के अनुमानों की चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स में शुक्रवार को भारी गिरावट से निवेशकों के 2.52 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीते सप्ताह ईद उल ?फित्र पर्व के अवसर पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहने की वजह से पांच कारोबारी ??दिनों में से केवल चार ?दिन कारोबार हुआ। घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन सोमवार को तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 300 अंकों से अधिक की बढ़त के साथ 74,599 पर खुला और 494.28 अंकों की बढ़त के साथ 74,742.50 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 25600 के स्तर से अ?धिक बढ़कर खुला और 152.60 अंक चढ़कर 22,666.30 पर बंद हुआ। भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स मंगलवार को नए उच्च स्तर पर खुले।

बीएसई सेंसेक्स पहली बार 75,124 के नए शिखर पर खुला और 58.80 अंक फिसलकर 74,683.70 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 20 फीसदी बढ़त के साथ 22,765 अंक पर खुला और 23.55 अंक कमजोर होकर 22,642.75 के पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 270 अंकों की तेजी के साथ 74,953.96 पर खुला और 75000 के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी 77 अंकों की तेजी के साथ 22,720.25 के लेवल पर खुला और 22750 का स्तर पार कर बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 304 अंकों की गिरावट के साथ 74,734 के स्तर पर खुला और 793.25 अंक (1.06 प्रतिशत) फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 82 अंक कमजोर होकर 22,672 के स्तर पर खुला और 234.40 अंक (1.03 प्रतिशत) गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ।

## रेल यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर मिलेगा निशुल्क ठंडा पानी,रेलवे ने कुछ स्टेशनों में खास व्यवस्था की

नई दिल्ली (ईएमएस)। गर्मियां शुरू होते ही रेलवे स्टेशनों में पीने के पानी की मांग बढ़ गई है। यात्रियों की इस परेशानी को देखते हुए भारतीय रेलवे ने कुछ स्टेशनों में खास व्यवस्था की है। यहां से सफर करने वाले यात्रियों को पीने के पानी के लिए पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगे। भीषण गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे रेल यात्रियों को निशुल्क ठंडा पानी वितरण शिविर आयोजन के लिए 6 गैर सरकारी संस्थाओं से कोआर्डीनेट करते हुए उन्हें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, डबरा एवं बेलाताल स्टेशन पर सभी प्लेटफ़ॉर्म पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अनुमति प्रदान की गई है। शीतल पेय जल शिविर हेतु विशेष तौर पर ऐसे स्थान चिन्हित कराये जा रहे हैं, जहां से खानपान इकाई या वाटर प्वाइंट दूर हों, ताकि पेयजल में असुविधा ना हो। उल्लेखनीय है कि मंडल के अधिकारियों द्वारा भी उक्त शिविर में श्रमदान कर सभी का प्रोत्साहन किया जाता है तथा यात्रियों के हितार्थ सुविधा प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं उपलब्ध वाटर कूलर्स की स्थिति तथा नलों में पानी की उपलब्धता पर दैनिक रूप से रिपोर्टिंग के ज़रिये सघन निगरानी रखी जा रही है तथा सभी कैटरिंग स्टाल तथा यूनिट्स को पानी बोतल की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंडल के स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर वेंडिंग मशीन कांट्रेक्टर को भी मशीन के निर्बाध संचालन के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# पाकिस्तान में आंतकियों ने की 11 लोगों की हत्या

बंदूक की नोंक पर पहले बनाया बंधक

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात आतंकवादियों ने करीब 11 लोगों की हत्या कर दी। जिसमें नौ बस यात्री शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में सशस्त्र हमलावरों ने नोश्की जिले में एक राजमार्ग पर एक बस रुकवाकर बंदूक का डर दिखाकर नौ पुरुषों का अपहरण कर लिया।

इसके बाद में इन नौ पुरुषों के शव नजदीकी पर्वतीय इलाके में एक पुल के समीप मिले और उनके शरीर पर गोलियों के निशान पाए गए।'' उन्होंने बताया, यह बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी तभी सशस्त्र हमलावरों ने बस रुकावकर यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ पुरुषों को अगवा करके पर्वतीय इलाकों में ले गए।''

एक अन्य घटना में इसी राजमार्ग पर एक कार पर गोलीबारी हुई, जिसमें दो यात्रियों की मौत हुई तथा दो अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को बख्शा नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन आतंकवादियों का उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति भंग करना है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकार इस मुश्किल वक्त में मृतक के परिवारों के साथ है।

## रूस ने सीक्रेट बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की

मॉस्को (ईएमएस)। रूस ने अपने कापुस्तिन यार रेंज से टॉप सीक्रेट इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की है। यह मिसाइल परमाणु हमले में सक्षम है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस मिसाइल के परीक्षण की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा कि यह मिसाइल रूस की सुरक्षा को पुख्ता करने में मदद करेगी। क्रञ्ज के मुताबिक, इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल एक सॉलिड फ्यूल मिसाइल है, जो थर्मो-न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। इसे जमीन पर किसी एक जगह या चलते वाहन पर भी तैनात किया जा सकता है। हालांकि, इसकी क्षमताओं और खासियत को लेकर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर के मॉल में चाकूबाजी....4 लोगों की मौत

पुलिस ने हमलावार को गोली मारी

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित वेस्टफील्ड बोंडी जंक्शन मॉल में तब हड़कंप मच गया, जब चाकूबाजी की खौफनाक घटना हुई। बताया जा रहा है कि चाकूबाजी में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं हमलावर को पुलिस ने गोली मार दी है। पुलिस ने बताया कि इमरजेंसी सेवाओं को शाम को 4 बजे से पहले वेस्टफील्ड बोंडी जंक्शन मॉल में बुलाया गया था। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस इलाके से दूर रहें।

पुलिस ने कहा, इस घटना को लेकर अभी जांच चल रही है और कोई और जानकारी नहीं है। मीडिया के मुताबिक घटना के बाद सैकड़ों की तादाद में लोगों को माल से निकाला गया है। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ लोग अभी भी मॉल के अंदर फंसे हुए हैं। दो लोगों ने बताया कि मॉल में गोलीबारी की आवाजें सुनी गई हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को निकलने के 20 मिनट बाद भी पुलिस के कमांडो सड़कों पर घूम रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक महिला जमीन पर पड़ी हुई थी और उसने जूलरी स्टोर में शरण ली। पुलिस ने बताया कि एक ऑपरेशन जारी है, लेकिन और ज्यादा डिटेल देने से इंकार कर दिया। बताया जा रहा है कि मॉल के अंदर बड़ी तादाद में पुलिस बल मौजूद है। वहीं कम से कम 4 लोगों के मारे जाने की खबर है। यह अभी साफ नहीं है कि मरने वाले इन 4 लोगों में हमलावर भी शामिल है या नहीं।

# मार्च में खुदरा महंगाई दर 10 महीने के निचले स्तर पर

- अक्टूबर 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.87 प्रतिशत रही थी

नई ?दिल्ली (ईएमएस)। खाद्य पदार्थो की कीमतों में गिरावट आने से मार्च के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। हाल ही में जारी? किए गए आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में 5.09 प्रतिशत और मार्च 2023 में 5.66 प्रतिशत रही थी। मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीनों के निचले स्तर पर रही है। इसके पहले अक्टूबर, 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में खाद्य उत्पादों की महंगाई दर 8.52 प्रतिशत रही जबकि एक महीने पहले फरवरी में यह 8.66 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक अंडे, मसालों और दालों समेत अन्य खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में फरवरी की तुलना में गिरावट आई है। हालांकि फलों और सब्जियों की कीमतें मार्च में एक महीना पहले की तुलना में बढ़ गईं। वहीं ईंधन और प्रकाश खंड में भी खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी की तुलना में घटी है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत कम या अधिक) पर सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दरों पर फैसला करते हुए खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को ही ध्यान में रखती है। केंद्रीय बैंक ने इस साल सामान्य मानसून की उम्मीद जताते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत और सितंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत से अधिक 5.45 प्रतिशत रही जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 4.14 प्रतिशत से कम रही। सबसे अधिक मुद्रास्फीति ओडिशा में 7.05 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि यह दिल्ली में सबसे कम 2.29 प्रतिशत रही।

## सीबीआई ने मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ दर्ज किया मामला

नई दिल्ली (ईएमएस)। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर से रिश्वत देने के एक मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे और वह इन बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है।

अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यो के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में लगभग 78 लाख रुपये की कथित रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी कथित तौर पर रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है।

चुनाव आयोग के 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार मेघा इंजीनियरिंग चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार थी और उसने भाजपा को लगभग 586 करोड़ रुपये की सबसे अधिक राशि का दान दिया था। कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़ रुपये, डीएमके को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपये का दान दिया। टीडीपी को कंपनी से करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले।

# 4 देशों में फैली इजराइल-हमास जंग-ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा...

इजराइली अरबपति के जहाज पर ईरानी सेना का कब्जा, अमेरिका का एयरक्राफ्ट कैरियर इजराइल के लिए रवाना

मिडिल ईस्ट बना तृतीय विश्वयुद्ध का कुरूक्षेत्र

-मिडिल ईस्ट में 8 देशों में अमेरिकी सैनिक तैनात, जंग की स्थिति में करेंगे इजराइल की मदद

नई दिल्ली/तेलअवीवी/वाशिंगटन(ईएमएस)। ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा है। ईरान ने इजराइल पर अटैक करने की तैयारी कर ली है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज पास होते हुए भारत आ रहे एक कार्गो शिप पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। कार्गो शिप लंदन बेस्ड एक कंपनी का है, जिसका मालिकाना हक एक इजराइली अरबपति के पास है। शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं, ये सभी फिलिपींस के नागरिक हैं। घटना के बाद इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा कि वो किसी भी तरह के हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। होर्मुज पास वही जगह है जहां अमेरिका 2019 से ईरान पर जहाजों पर कब्जा करने के आरोप लगाता रहा है।

ईरान और इजराइल के बीच दुश्मनी जगजाहिर है, हालांकि दोनों देश कभी सीधेतौर पर एक-दूसरे से टकराने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। ईरान ने हमेश हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का सहारा लिया। वहीं, इजराइल सीधे तौर पर ईरानी ठिकानों पर हमला करता है। अब अगर ईरान सीधेतौर पर इजराइल को निशाना बनाता है तो सबसे बड़ा खतरा इस बात का है कि पूरे मिडिल ईस्ट में यह जंग फैल जाएगी और इसके नतीजे खतरनाक होंगे। यानी मिडिल ईस्ट तृतीय विश्वयुद्ध का कुरूक्षेत्र बन गया है। मिडिल ईस्ट में 8 देशों में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। जंग की स्थिति में ये इजराइल की मदद करेंगे। इधर, भारत समेत 6 देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और जर्मनी ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें नागरिकों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एंबेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। इजराइल की डिफेंस फोर्सेस के प्रवक्ता डेनियल हागरी ने कहा है कि ईरान ने अगर विवाद बढ़ाने की कोशिश की तो उसे अंजाम भुगतना होगा।

ईरान के एयरस्पेस से उड़ान नहीं भर रही एअर इंडिया

एयर इंडिया उन एयरलाइन्स में शामिल हो गया है जो ईरान के एयरस्पेस से नहीं गुजर रही हैं। शनिवार सुबह एअर इंडिया की फ्लाइट 161 को साढ़े 4 बजे लंदन जाना था। हालांकि, इसने हमेशा का रूट नहीं लिया और दूसरे एयरस्पेस का इस्तेमाल किया। सामान्य हालातों में एयर इंडिया की यूरोप जाने वाली फ्लाइट पाकिस्तान-ईरान-तुर्किये-ब्लैक सी के रास्ते जाती हैं। जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा का कहना है कि उसके विमान ईरानी हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं करेंगे। लुफ्थांसा ने 18 अप्रैल तक ईरान आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसल कर दी हैं। ईरान और इजराइल में बढ़ती टेंशन के बीच ऑस्ट्रेलिया की क्वांटास एयरलाइन ने पर्थ से लंदन जाने वाली फ्लाइट्स का रूट बदल दिया है।

इजराइल में कई जगहों को निशाना बनाएगा ईरान

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया है कि ईरान आने वाले दिनों में इजराइल और मिडिल ईस्ट में कई जगहों को निशाना बनाएगा। ईरान के अटैक से बचने के लिए अमेरिका इजराइल की मदद करेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान में क्रूज मिसाइलों और ड्रोन से जुड़ी भारी मुवमेंट ट्रैक की गई है। इसका मतलब ये हो सकता है कि हमला ईरान की धरती से हो सकता है। दरअसल, गाजा में इजराइल और हमास के बीच जंग शुरू होने के बाद अमेरिका और इजराइल की तरफ से इराक और सीरिया में कई ईरानी ठिकानों पर हमले हुए हैं। बदले में ईरान ने अमेरिका और इजराइली ठिकानों को निशाना बनाया है। इसके चलते इराक ने सभी देशों से अपील कि है कि वो उनके मुल्क को अपनी दुश्मनी की भेंट न चढ़ाएं। इराक ने अमेरिका से कहा कि वो उनके देश से अपने सारे सैनिक निकाल ले। इसे लेकर इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी 15 अप्रैल को अमेरिका का दौरा करेंगे। सुदानी और बाइडेन से मुलाकात में इराक से अमेरिकी सैनिक निकालने का पूरा प्लान तैयार किया जाएगा।

हमले के लिए तैयार ईरान

अमेरिकी इंटेलिजेंस से जुड़े लोगों का कहना है कि ईरान में ड्रोन और क्रूज मिसाइलों का मूवमेंट देखा गया है। एक व्यक्ति ने कहा कि ईरान को 100 से ज्यादा क्रूज मिसाइलें तैयार करते हुए देखा गया है। माना जा रहा है कि ईरान अपनी सीमा के अंदर से इजराइल पर हमला करेगा। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ईरान अपनी जमीन से ही हमला करने के लिए मिसाइलें तैनात कर रहा है या इजराइली-अमेरिकी हमले से बचने के लिए तैयारी कर रहा है।

बाइडेन की ईरान को चेतावनी-हमला न करें

ईरान-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को चेतावनी दी। कहा- हमला न करें। हम इजराइल की रक्षा करेंगे। हम इजराइल का सपोर्ट करते हैं। ईरान अपने मंसूबों में सफल नहीं होगा। अमेरिका का एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस ड्वाइट आइजनहावर लाल सागर के रास्ते इजराइल पहुंच रहा है। ये ईरान की तरफ से दागी जाने वाली मिसाइल और ड्रोन को रोकने में सक्षम है। 6 अप्रैल को इजराइल से बदला लेने की तैयारी कर रहे ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी थी कि वो इजराइल और उनके मसले के बीच न आए। ईरानी राष्ट्रपति के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने अमेरिका से कहा था, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के जाल में न फंसें। अगर आप चाहते हैं कि हमले में आपको नुकसान न हो तो मामले से दूर रहें। जमशीदी ने बताया अमेरिका ने उनकी चेतावनी पर कहा था कि उनके ठिकानों पर हमले नहीं होने चाहिए।

भारतीयों को बचाने की तैयारी

ईरान में लगभग 4,000 भारतीय रहते हैं। वहीं, इजराइल में 18,500 प्रवासी भारतीय रहते हैं। भारत दोनों देशों से भारतीयों को बचाकर वापस देश लाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा वहां भारतीयों के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। हाल ही में भारत से 6 हजार कामगारों को कंस्ट्रक्शन के काम के लिए इजराइल भेजा गया था। हालांकि, इजराइल में भारतीय दूतावास ने अब तक किसी तरह की कोई एडवाइजरी इश्यू नहीं की है।

## धर्म पश्वर्तन पश गुजशात सश्काश ने जाशी किया सर्कुलश

# बौद्ध धर्म अलग है, हिंदुओं को बौद्ध बनना है तो अनुमति लेनी होगी

अहमदाबाद, १३ अप्रैल । गुजशात सश्काश ने एक सर्कुलश जाशी कश्के साफ किया है कि बौद्ध धर्म अलग है । यह हिंदू धर्म से अलग है । ऐसे में अलग कोई धर्म बदलता है तो उसे अनुमति लेनी होगी । गुजशात सश्काश ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति हिंदू धर्म से बौद्ध बनना चाहता है तो उसे गुजशात फ्रीडम ऑफ शिलीजन एक्ट, २००३ का पालन कश्ना होगा । सश्काश के अनुसाश इस एक्ट इसका जिक्र है ।

८ अप्रैल को जाशी पशिपत्र ( सर्कुलश )में कहा गया है कि कानून औश इसके तहत नियमों की जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों में मनमाने ढंग से व्याख्या की जा शही है औश यह नोट किया गया है कि हिंदू धर्म से बौद्ध धर्म में पशिवर्तन की अनुमति देने के मामले में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा शहा है । सर्कुलश में कहा गया है कि कभी-कभी आवेदकों के साथ-साथ स्वायत्त संगठन भी तर्क देते हैं कि इस तशह के धर्मांतशण के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है, कुछ मामलों में आवेदक अपने आवेदन में उल्लेख कश्ते हैं कि चूंकि भाश्त के संविधान के अनुच्छेद २५ ( २ ) में सिख धर्म भी शामिल है । हिंदू धर्म में बौद्ध औश जैन धर्म में धर्म पशिवर्तन के लिए आवेदक को किसी तशह की अनुमति लेने की जरूश्त नहीं है ।

सर्कुलश में दोहशाया गया कि बौद्ध धर्म को एक अलग धर्म माना जाना चाहिए औश हिंदू धर्म से सिख धर्म, बौद्ध धर्म या जैन धर्म में पशिवर्तित होने वाले किसी भी व्यक्ति को जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति लेनी होगी। इसमें कहा गया है कि मजिस्ट्रेट को धर्मांतशण की अनुमति मांगने वाले किसी भी आवेदन का जवाब देने से पहले समय-समय पश जाशी कानूनी प्रावधानों औश सश्काशी निर्देशों पश विचाश कश्ना होगा ।

गुजशात धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, २००३ में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति बल प्रयोग या प्रलोभन या किसी कपटपूर्ण तशीके से किसी भी व्यक्ति को सीधे या अन्यथा एक धर्म से दूसशे धर्म में पशिवर्तित या पशिवर्तित कश्ने का प्रयास नहीं कश्ेगा औश न ही कोई व्यक्ति ऐसा कश्ने के लिए उकसाएगा ।

## चुनाव प्रचाश में हिंदुत्व मुद्दे की एंट्री

# बहन-बेटियों को सुशक्षित श्खने के लिए बीजेपी को वोट दें: बीजेपी नेता

पालनपुश, १३ अप्रैल । शज्य में चुनावी माहौल ठीक-ठाक है, बीजेपी औश कांग्रेस चुनाव प्रचाश में अलग-अलग मुद्दों पश प्रचाश कश शही हैं । कैंपेन में अवनवा शब्द सामने आए हैं । इससे पहले बनासकांठा सीट पश मामेरू जैसे शब्दों का प्रचाश हो चुका है । अब बीजेपी नेता इस सीट पश प्रचाश में 'हिंदुत्व' का मुद्दा उतश गए हैं । डिसा के पूर्व विधायक ने प्रचाश सभा के दौशन हिंदुत्व का आह्वान कश्ते हुए माताओं, बहनों औश बेटियों की सुश्क्षा के लिए भाजपा को वोट देने को कहा ।

बनासकांठा में असली मुकाबला बीजेपी औश कांग्रेस के बीच है, एक तशफ बीजेपी के डॉ । शेखाबेन चौधशी हैं, जबकि उनके सामने कांग्रेस की गनीबेन ठाकोश हैं । इस सीट पश दोनों पार्टियों ने महिला उम्मीदवाशें को मैदान में उताश है । गनीबेन ठाकोश इस सीट पश जोश्दाश प्रचाश कश शही हैं । अब बीजेपी भी इस मुहिम में जेल डाल शही है । हाल ही में बीजेपी ने एक बाश फिश 'हिंदुत्व' का शग अलापा है । डिसा के पूर्व विधायक ने प्रचाश में सुश्क्षा के साथ-साथ हिंदुत्व को भी चुनावी मुद्दा बनाया है । बीजेपी के पूर्व विधायक शशिकांत पंड्या ने एक सभा के दौशन 'हिंदुत्व' के नाम पश वोट मांगे औश लोगों से कहा कि अगश वे अपनी मां, बहन औश बेटियों की श्क्षा कश्ना चाहते हैं तो उन्हें बीजेपी को वोट देना चाहिए । अपनी बहन-बेटी को सुश्क्षित श्खने के लिए भाजपा को वोट दें । उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस को हिंदुओं के वोट की जरूश्त नहीं है । इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के लिए आलिया-मालिया-जमालिया जैसे शब्दों का भी इस्तेमाल किया । शज्य में बीजेपी औश कांग्रेस के बीच जबश्दस्त घमासान चल शहा है, जबकि सभी पार्टियां लोकसभा चुनाव के लिए प्रचाश कश शही हैं, ऐसे में शज्य में सबसे बड़ी लड़ाई बनासकांठा सीट पश होती दिख शही है । यहां बीजेपी औश कांग्रेस की दोनों महिला उम्मीदवाश आमने-सामने हैं । बीजेपी ने शेखाबेन चौधशी को मैदान में उताश है, जबकि कांग्रेस ने गनीबेन ठाकोश को टिकट दिया है । कांग्रेस की गेनीबेन ठाकोश ने हाल ही में आक्रामक अंदाज में बीजेपी औश पुलिस व्यवस्था पश हमला बोला है ।

# पंचमहाल के कई गांव गर्मी के दिनों में पीने के पानी से वंचित श्हते हैं

गोधश, १३अप्रैल । सश्काश पेयजल के लिए नल से जल योजना की बात कश शही है, लेकिन पंचमहाल जिले में हकीकत कुछ औश ही है । पंचमहल जिले के कई गांवों में पीने के पानी की कमी है, जबकि ग्रामीण पीने के पानी की मांग कश श्हे हैं ।

पंचमहल जिले के कई गांवों में पहले से ही पीने के पानी की समस्या पैदा हो गई है । सश्काशी किताब के मुताबिक ऐसे गांवों में पानी की कोई समस्या नहीं होती, ऐसे गांव के हश घश तक पानी पहुंचाया जाता है, ऐसे दावे तो सश्काशी किताब में किये जाते हैं, लेकिन हकीकत कुछ औश ही बयां कश्ती है । तालुका विकास अधिकाशी से पानी की समस्या के बाशे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गांव में पानी की कोई समस्या नहीं है, लेकिन ग्रामीण पानी की समस्या को जल्द से जल्द हल कश्ने के लिए सिस्टम के सामने गुहाश लगाते दिखे । सश्पंच का आशेप है कि गांव में नलसे जल योजना का काम कश्ने आयी एजेंसी ने गांव की जल समिति को विश्वास में लेकश काम कम कश दिया औश पैसे ज्यादा ले लिये । आशेप है कि गांव में २ साल पहले बिछाई गई पानी की पाइप घटिया गुणवत्ता के काम के काश्ण टूट गई ।

एजेंसी औश सिस्टम के प्रयास से नालसे जल योजना के लिए पानी का स्रोत निर्धाशित नहीं हो सका है औश गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है, जबकि गांव के ५० प्रतिशत घशें में पानी की लाइन भी नहीं बिछायी गयी है । जिससे वे पानी से वंचित हैं, सश्पंच ने मांग की है कि जल्द से जल्द गांव में पानी की व्यवस्था की जाए ।जब तालुका विकास अधिकाशी से पानी की समस्या के बाशे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गांव में पानी की कोई समस्या नहीं है, लेकिन ग्रामीण पानी की समस्या को जल्द से जल्द हल कश्ने के लिए सिस्टम के सामने गुहाश लगाते दिखे ।

# अपरिहार्य कारणो से 14 अप्रैल का ब्लॉक स्थगित होने से प्रभावित होने वाली ट्रेनें यथावत चलेगी

वडोदरा,ता.13

पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल पर वडोदरा-गैरतपुर सेक्शन के गोठाज स्टेशन पर 14 अप्रैल 2024 को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु लिए जाने वाला ब्लॉक स्थगित होने के कारण प्रभावित होने वाली सभी ट्रेनें यथावत चलेगी। जिसका विवरण इस प्रकार हैः-

14 अप्रैल 2024 को निरस्त होने वाली ट्रेनें

1.ट्रेन संख्या 19036 अहमदाबाद-वडोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस

2.ट्रेन संख्या 19035 वडोदरा-अहमदाबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस

3.ट्रेन संख्या 09495 वडोदरा-अहमदाबाद मेमू स्पेशल

4.ट्रेन संख्या 09496 अहमदाबाद-वडोदरा मेमू स्पेशल

5.ट्रेन संख्या 09400 अहमदाबाद- आणंद मेमू स्पेशल

6.ट्रेन संख्या 09399 आणंद - अहमदाबाद मेमू स्पेशल

7.ट्रेन संख्या 09328 अहमदाबाद-वडोदरा मेमू स्पेशल

8.ट्रेन संख्या 09273 वडोदरा -अहमदाबाद मेमू स्पेशल

9.ट्रेन संख्या 09312 अहमदाबाद-वडोदरा मेमू स्पेशल

14 अप्रैल 2024 को आंशिक निरस्त होने वाली ट्रेनें

1.ट्रेन संख्या 22953 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद एक्सप्रेस

2.ट्रेन संख्या 19034 अहमदाबाद-वलसाड गुजरातक्वीन एक्सप्रेस

3.ट्रेन संख्या 22960 जामनगर-वडोदरा इंटरसिटी एक्सप्रेस

4.ट्रेन संख्या 22959 वड़ोदरा-जामनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस

5.ट्रेन संख्या 09311 वड़ोदरा -अहमदाबाद मेमू स्पेशल

ट्रेनों के ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.iåianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# रूपाला के खिलाफ क्षत्रिय समाज का शक्ति प्रदर्शन आज, डेढ़ लाख राजपूतों के जुटने की संभावना

राजकोट ( ईएमएस )लोकसभा चुनाव से भाजपा की खासकर मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील एक ओर जहां राज्य की सभी 26 सीटों पर 5 लाख की लीड़ से जीत का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर क्षत्रिय समाज भाजपा के इस लक्ष्य को धराशायी करने की दिशा में एकजुट होता जा रहा हैं इसकी वजह है केन्द्रीय मंत्री और राजकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रूपाला का क्षत्रिय समाज को लेकर दिया गया एक बयान हालांकि पुरुषोत्तम रूपाला क्षत्रिय समाज से अपने बयान के लिए तीन दफा माफी मांग चुके हैं, इसके बावजूद यह मामला खत्म होने के बजाए लगातार बढ़ता जा रहा हैं 16 अप्रैल को पुरुषोत्तम रूपाला राजकोट लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं और उससे दो दिन पहले क्षत्रिय समाज उनके खिलाफ राजकोट के रतनपुर में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहा हैं क्षत्रिय समाज के इस महासम्मेलन में डेढ़ लाख से अधिक राजपूतों के एकत्र होने की संभावना हैं क्षत्रिय समाज की एक ही मांग है राजकोट सीट से पुरुषोत्तम रूपाला का टिकट रद्द किया जाएं लेकिन भाजपा रूपाला का टिकट रद्द करने के मूड में नजर नहीं आ रहीं क्षत्रिय समाज रूपाला को माफ करने के मूड में नहीं है तो भाजपा भी रूपाला का टिकट रद्द करने मूड में नहीं दिखर्ती दोनों पक्षों के अपनी जिद पर अड़े रहने से फिलहाल पूरे मामले का समाधान होता नहीं दिख रहं क्षत्रिय समाज ने इस मामले को अपने आत्मसम्मान का मुद्दा बना लिया हैं राजकोट में कल होनेवाले क्षत्रिय समाज का महासम्मेलन अगर सफल रहता है तो यह मामला राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश तक पहुंच सकता हैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज की नाराजगी को लेकर वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही सतर्क हो गए हैं रूपाला-क्षत्रियों के इस विवाद का अंत कब होगा यह कहना फिलहाल मुश्किल हैं इस विवाद को खत्म करने की अब तो संत समाज भी अपील करने लगा हैं दूसरी ओर क्षत्रिय समाज में से एक काठी क्षत्रिय समाज पुरुषोत्तम रूपाला के समर्थन में उतर आया हैं शुक्रवार को राजकोट में काठी क्षत्रिय समाज की कोर समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पुरुषोत्तम रूपाला का समर्थन किया गर्या काठी क्षत्रिय समाज के मुताबिक भाजपा और नरेन्द्र मोदी ने हमारी इष्टदेव सूर्यवंशी रामचंद्रजी के पुनः प्राण प्रतिष्ठा में जो भूमिका निभाई है, उससे पूरा काठी क्षत्रिय समाज को अंतर्रात्मा से संतोष हुआ हैं काठी क्षत्रिय समाज के इष्टदेव सूर्यनारायण के लिए नए सूर्य मंदिर के विकास के लिए भी काफी कुछ किया गया हैं जिसका ऋण चुकाने का समय आ गया है और ऐसे में समग्र काठी क्षत्रिय समाज भाजपा के साथ खड़ा हैं काठी समाज के अग्रणियों ने कहा कि हमारा समाज हिन्दुत्व और सनातन के साथ है और जब राष्ट्र और अंतर्राष्ट्र का सवाल हो तो पीएम मोदी ने जिसे उम्मीदवार बनाया है उसको समर्थन करना हमारा फर्ज हैं दूसरी ओर राजकोट के रतनपुर में रविवार की शाम 5 बजे होनेवाले क्षत्रिय समाज के महासम्मेलन को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही हैं राज्यभर से क्षत्रिय समाज के लोग राजकोट पहुंचेंगें 1300 जितनीं बसें और 4600 फोर व्हीलर में क्षत्रिय समाज के लोग राजकोट में जमा होंगें क्षत्रियों के महासम्मेलन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगें डीसीबी, एसओजी, एलसीबी और स्थानीय पुलिस समेत 250 से ज्यादा अधिकारी और जवानों को तैनात किया जाएगां

# मसाज के बहाने घर बुलाया और दुष्कर्म के केस में फंसाने धमकी देकर मांगे 10 लाख

वडोदरा ( ईएमएस ) हनीट्रेप में फांसकर लाखों रुपए ऐंठने के अनेकों मामले सामने आ चुके हैं ऐसा ही एक मामला वडोदरा से सामने आया है, जहां मसाज के बहाने एक व्यक्ति को अपने घर बुलाया और बाद में दो शख्सों ने दुष्कर्म के केस में फंसा देने की धमकी देकर रु. 10 लाख की मांग कीं बाद में एक लाख रुपए लेकर शख्स फरार हो गएं पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवती समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की हैं जानकारी के मुताबिक वडोदरा के न्यू समा रोड क्षेत्र में रहनेवाले 31 वर्षीय अतुल पटेल का सोशल मीडिया के जरिए मसाज करने वाली एक युवती से परिचय हुआ थां अतुल पटेल युवती के घर मसाज कराने गए थें अतुल पटेल के युवती के घर पहुंचने के कुछ ही देर में दो शख्स वहां पहुंच गए और जिन्होंने अपना परिचय पुलिस के तौर पर दिया और कहा कि यहां गैरकानूनी काम होने की हमे जानकारी मिली हैं जिसके बाद दोनों शख्सों ने अतुल पटेल से रु. 10 लाख की मांग कीं रु. 10 लाख नहीं देने पर रेप के केस में फंसा देने की अतुल पटेल को धमकी दीं शिख्सों की धमकी से भयभीत अतुल पटेल ने कहा कि मेरे पास 10 लाख रुपए तो नहीं है और मेरा एटीएम कार्ड भी घर पर हैं जिसके बाद दोनों शख्स अतुल पटेल को अपनी बाइक पर बिठाकर उनके घर ले गएं अतुल पटेल ने घर से कार्ड लिया एटीएम से रु. 1 लाख निकालकर दोनों शख्सों को दे दिर्यां रुपए मिलने के बाद दोनों शख्सों ने अतुल पटेल को और एक लाख रुपए की देने की धमकी दी और कहा कि नहीं दिए तो रेप का केस कर अंदर करवा देंगें घटना के बाद अतुल पटेल ने शहर को गोत्री पुलिस थाने में युवती समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दीं जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की हैं

## भाजपा का 23 अप्रैल से 3 मई तकबूथ विजय अभियान

अहमदाबाद ( ईएमएस ) गुजरात में भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर 23 अप्रैल से 3 मई 2024 तक बूथ विजय अभियान का आयोजन किया हैं इसके अंतर्गत विभिन्न मोर्चा द्वारा प्रति बूथ पांच-पांच ग्रुप बैठक का आयोजन करने का सभी शहर और जिला को आदेश दिया गया हैं 23 अप्रैल से 3 मई के दौरान बूथ में मतदाता सूची पहुंचाने, बूथ को मजबूत बनाने की योजना, बूथ पर मतदान की योजना बनाने, बूथ एजन्ट के नाम, बूथ पर की टीम और मतदान कराने वाली टीम सुनिश्चित करने का पार्टी की ओर से आदेश दिया गया हैं

# गुजरात में शेष 4 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीद वार तय, देर रात या कल तक हो सकती है घोषणा

अहमदाबाद ( ईएमएस ) गुजरात में लोकसभा की 26 में से 20 सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है, शेष 4 सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिए हैं इन चार सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान आज देर रात या कल तक किए जाने की संभावना हैं बता दें कि गुजरात में कांग्रेस 24 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि भरुच और भावनगर लोकसभा सीट आम आदमी पार्टी ( आप ) के लिए छोड़ी हैं इन दो सीटों पर कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन हुआ हैं वहीं भाजपा पहले ही गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं जबकि कांग्रेस के 4 सीटों और विधानसभा की 5 सीटों पर होनेवाले उपचुनाव के उम्मीदवारों की घोषणा करना अभी बाकी हैं ताजा जानकारी के मुताबिक कांग्रेस ने राजकोट सीट से परेश धानाणी, नवसारी से नैषध देसाई, अहमदाबाद पूर्व से हिम्मतसिंह पटेल को उम्मीदवार तय किया हैं जबकि उत्तरी गुजरात की मेहसाणा सीट से कांग्रेस ठाकोर समाज से किसी को चुनाव मैदान में उतार सकती हैं संभावना है कि कांग्रेस आज देर रात या कल तक लोकसभा की 4 और विधानसभा चुनाव के लिए 5 उम्मीदवों की घोषणा कर सकती हैं

## कांग्रेस पदाधिकारी समेत 5 हजार कार्यकर्ताओं ने भाजपा का कमल थामा

सूरत ( ईएमएस ) लोकसभा चुनाव की राजनीतिक दलों की जोरदार तैयारियों के बीच सूरत में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा हैं सूरत शहर कांग्रेस के पदाधिकारी समेत 5 हजार जितने कार्यकर्ताओं ने हाथ का साथ छोड़ दिया और भाजपा का कमल थाम लिर्या सूरत के अंबेडकर चौक, गणेश नगर वळोड गांव में गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भगवा धारण कर लिर्या भाजपा में शामिल होने वाले ज्यादातर उत्तर भारतीय कांग्रेसी कार्यकर्ता हैं कांग्रेस से कार्यकर्ताओं को भाजपा में स्वागत करते हुए सीआर पाटील ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की जमकर तारीफ कीं सीआर पाटील ने कहा कि विपक्ष ने पीएम मोदी की धमकी दी थी कि राम मंदिर को हाथ मत लगाना, 370 का हाथ मत लगानां लेकिन पीएम मोदी पूरे विपक्ष का करारा जवाब दे दिया हैं जब दिल्ली में पीएम मोदी हों और उत्तर प्रदेश में सीएम योगी हो तो अयोध्या में राम मंदिर तो बनना ही थां उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकियों को भेज भारतीयों की जान ली थी, जिसके जवाब में पीएम मोदी ने उसके घर में घुसकर आतंकवादियों को ढेर कर दिर्यां

# तगड़े वेतन की नौकरी की लालच देकर युवक ने युवती से किया दुष्कर्म, युवक से छुटकारा दिलाने तांत्रिक ने ऐंठे ढाई लाख

सूरत ( ईएमएस ) कामरेज के एक शख्स ने तगड़ा वेतन दिलाने की लालच दिलाकर एक युवती के साथ पहले दोस्ती की और उसके बाद होटलों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किर्या युवक से छुटकारा पाने के लिए युवती एक तांत्रिक की शरण में गईं जहां तांत्रिक ने भी पीड़िता से रु. 2.53 लाख ऐंठ लिएं दुष्कर्म और ठगी का शिकार युवती ने आखिरकार उत्राण पुलिस थाने में युवक और उसकी बहन समेत तांत्रिक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दीं जिसके आधार पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया हैं जबकि युवक की बहन और तांत्रिक की तलाश शुरू की हैं जानकारी के मुताबिक सूरत के मोटा वराछा क्षेत्र में रहनेवाली 25 वर्षीय युवती भावनगर की मूल निवासी हैं एक निजी बैंक में बतौर लोन एजंट कार्यरत युवती का संपर्क कामरेज में रहनेवाले भावेश बलदाणिया नामक युवक से हुआं चिकनी चुपड़ी बातें कर भावेश ने युवती को विश्वास संपादित किया और उससे दोस्ती कर लीं दोनों के बीच मोबाइन नंबरों को आदान प्रदान हुआ और बाद में दोनों एक दूसरे संपर्क में रहने लगें उस दौरान भावेश ने तगड़ा वेतन की नौकरी दिलाने की लालच देकर युवती को सूरत के पार्ले पॉइंट स्थित अंबाजी मंदिर के निकट मिलने बुलाया और उसके बाद उसे वराछा क्षेत्र के मिलेनियम होटल में ले गर्या होटल में भावेश ने युवती से प्रेम संबंध रखने का दबाव डालते हुए उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उसके अश्लील फोटो और वीडियो मोबाइल में ले लिएं बाद में फोटो और वीडियो के जरिए भावेश युवती को ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म करने लगां भावेश के इस दुष्कृत्य में उसकी बहन जागृति ने भी पूरा साथ दिर्या जागृति फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को भावेश के पास जाने को मजबूर करतीं एक बार भावेश ने पीड़ित युवती को कामरेज के सिग्नेट मोल स्थित नेक्सा होटल में बुलार्या जहां उससे जबरन मुख मैथुन करवाया और बाद में अप्राकृतिक दुष्कर्म किर्या तंग आकर युवती ने भावेश का नंबर ब्लॉक कर दिर्या एक दिन चंदु बलदाणिया नामक इंस्टाग्राम से मैसेज आया और उसने भावेश से छुटकारा पाने के लिए विजय नामक तांत्रिक से संपर्क करने की युवती को सलाह दीं

## नृत्य शिक्षक ने नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म किया, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

सूरत ( ईएमएस ) शहर के चौक बाजार स्थित स्कूल में नृत्य सिखाने वाले शिक्षक द्वारा एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई हैं पीड़ित छात्रा के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की हैं जानकारी के मुताबिक सूरत के कतारगाम स्थित पार्थ कॉम्प्लेक्स के सामने रणछोड़नगर सोसायटी में रहनेवाला संजय वणकर नामक शख्स शहर के चौक बाजार स्थित एक स्कूल में बतौर नृत्य शिक्षक सेवारत हैं स्कूल में 16 वर्षीय छात्रा भी शिक्षक से नृत्य सीखती थीं शिक्षक छात्रा को अकेली पाकर उसके साथ आए दिन शारीरिक छेड़छाड़ करता थां इतना ही बीते छह महीने के दौरान शिक्षक ने नाबालिग छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म भी किर्या शिक्षक से तंग आकर छात्रा ने आखिरकार अपने माता-पिता से मामले की शिकायत कर दीं जिसे सुनकर दोनों चौंक उठे और बाद में कतारगाम पुलिस थाने में नृत्य शिक्षक संजय वणकर के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवा दीं जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की हैं

# पश्चिम रेलवे चलायेगी साबरमती और अहमदाबाद से पटना के लिए दो स्पेशल ट्रेनें

अहमदाबाद,ता.13

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए साबरमती-पटना और अहमदाबाद-पटना के बीच दो साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण इस प्रकार हैः

*ट्रेन संख्या 09405/09406 साबरमती-पटना-साबरमती स्पेशल ( कुल 22 फेरे )

ट्रेन संख्या 09405 साबरमती-पटना स्पेशल 16 अप्रैल 2024 से 25 जून 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को साबरमती से 18:10 बजे प्रस्थान करेगी तथा तीसरे दिन 02:00 बजे पटना पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09406 पटना-साबरमती स्पेशल 18 अप्रैल 2024 से 27 जून 2024 तक प्रत्येक गुरुवार को पटना से 05:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13:30 बजे साबरमती पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन महेसाणा, पालनपुर, आबूरोड, अजमेर, फुलेरा, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी का एक कोच, स्लीपर श्रेणी के 08 कोच एवं जनरल श्रेणी के 10 कोच रहेंगे।

* ट्रेन संख्या 09493/09494 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद स्पेशल ( कुल 22 फेरे )

ट्रेन संख्या 09493 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 21 अप्रैल 2024से30जून 2024 तक प्रत्येक रविवार को अहमदाबाद से 16:35 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 22:45 बजे पटना पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09494 पटना-अहमदाबाद स्पेशल 23 अप्रैल 2024 से 02 जुलाई 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को पटना से 01:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 07:10 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन नडियाद, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, दमोह, कटनी मुरवाड़ा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

ट्रेन संख्या 09405 व 09493 की बुकिंग 15 अप्रैल, 2024 से यात्री आरक्षण केन्द्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरूहोगी। ट्रेनों के परिचालन समय, ठहराव और संरचना से सम्बंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री www.enquiry.indianrail.gov.in परजाकरअवलोकन कर सकते हैं।

## पार्किंग में खेल रही मासूम बच्ची की कार से कुचलकर मौत

अहमदाबाद ( ईएमएस ) शहर के नेहरूनगर से एक दर्दनाक घटना सामे आई हैं जहां एक सोसायटी के पार्किंग में खेल रही बच्ची की कार से कुचलकर मौत हो गईं मृतक बच्ची सोसायटी के सिक्युरिटी गार्ड की बेटी थीं पुलिस ने कार के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की हैं जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद के नेहरूनगर क्षेत्र की कला निकेतन सोसायटी के पार्किंग में एक बच्ची खेल रही थीं उस वक्त एक कार आई और पार्किंग में खेल रही बच्ची को रौंदते हुए आगे बढ़ गईं

कार की चपेट में आई बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गईं जानकारी के मुताबिक कार से कुचलकर जिस बच्ची की मौत हुई है, वह कला निकेतन सोसायटी के सिक्युरिटी गार्ड की थीं पुलिस ने कार के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की हैं

# पश्चिम रेलवे उधना-पटना और राजकोट-लालकुआं के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेनें

राजकोट,ता.13

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना-पटना और राजकोट-लालकुआं के बीच विशेष किराये पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

*ट्रेन संख्या 09045/09046 उधना-पटना ( साप्ताहिक ) सुपरफास्ट स्पेशल ड22 फेरे.

ट्रेन संख्या 09045 उधना-पटना सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को उधना से 08.35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.30बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन 19 अप्रैल,2024से28जून, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09046 पटना-उधना सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शनिवार को पटना से 13.05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.50 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 20 अप्रैल 2024 से 29 जून 2024 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

• ट्रेन संख्या 05046/05045 राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल ड22 फेरे.

ट्रेन संख्या 05046 राजकोट-लालकुआं स्पेशल प्रत्येक सोमवार को राजकोट से 22.30 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 04.05 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 अप्रैल, 2024 से 01 जुलाई, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 05045 लालकुआं-राजकोट स्पेशल प्रत्येक रविवार को लालकुआं से 13.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.10 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वांकानेर, सुरेंद्रनगर, महेसाणा, पाटन, भीलड़ी, धानेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, गोटन, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचमन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर, दौसा, भरतपुर, मथुरा, मथुरा कैंट, हाथरस सिटी, कासगंज, सोरों शुकर, बदायूँ, बरेली, बरेली सिटी, इज्जतनगर, भोजीपुरा, बहेरी और किच्छा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09045 एवं 05046की बुकिंग 15अप्रैल, 2024 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेन के ठहराव, संरचना और समय केबारे में विस्तृत जानकारी केलिएयात्री कृपया www.en quiry. indian rail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।


**पशिचम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने जा रही है**

| ट्रेन नं. | प्रारंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | प्रस्थान | आगमन | सेवाओं के दिन |
|---|---|---|---|---|
| 09405 | साबरमती - पटना | 18:10 बजे (मंगलवार) | 02:00 बजे (गुरुवार) | 16 अप्रेल 2024 से 25 जून 2024 |
| 09406 | पटना - साबरमती | 05:00 बजे (गुरुवार) | 13:30 बजे (अगले दिन) | 18 अप्रेल 2024 से 27 जून 2024 |
| 09493 | अहमदाबाद - पटना (सुपरफास्ट) | 16:35 बजे (रविवार) | 22:45 बजे (अगले दिन) | 21 अप्रेल 2024 से 30 जून 2024 |
| 09494 | पटना - अहमदाबाद (सुपरफास्ट) | 01:00 बजे (मंगलवार) | 07:10 बजे (अगले दिन) | 23 अप्रेल 2024 से 02 जुलाई 2024 |

ट्रेन सं. 09405 और 09493 की बुकिंग 15/04/2024 को सभी पीआरएस काउंटर्स एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगी। उपरोक्त ट्रेनें स्पेशल ट्रेन के रूप में स्पेशल किराये पर चलेंगी। पड़ाव के समय, और कम्पोजिशन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

पशिचम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमेंलाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमेंफॉलो करें : X twitter.com/WesternRly
सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल वैध पहचान पत्र साथ रखें


मालिक, मुद्रक-प्रकाशक व सम्पादक : लक्ष्मीचन्द जी. अग्रवाल द्वारा ब्रिजाशा ऑफसेट, सरसपुर, अहमदाबाद में मुद्रित करवाकर, स्वेतप्रित बिल्डिंग, खासवाड़ी, बहुचराजी रोड़, वड़ोदरा से प्रकाशित किया। प्रातःकालीन E-mail: janhitaishi@yahoo.co.in Mob.9375504122 R.N.I. 64278/96